**ठाणे - मुंबई से प्रकाशित**

सोमवार, 02 जून 2025

वर्ष - 18, अंक-166

मुल्य-2, पृष्ठ-8

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# तरुणमित्र


www.tarunmitra.in

संपादक- स्वतंत्र कुमार


श्रम ही आधार, खबरों से सरोकार

e-mail-tarun.thana@gmail.com

महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश, बिहार से प्रकाशित



## एशियाई विकास बैंक के अध्यक्ष ने प्रधानमंत्री मोदी से की मुलाकात



**नई दिल्ली**। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज एशियाई विकास बैंक (एडीबी) के अध्यक्ष मसातो कांडा से मुलाकात की। इस दौरान मोदी ने कहा कि भारत के पिछले एक दशक में तेजी से बदलाव ने अनगिनत लोगों को सशक्त बनाया है। हम इस यात्रा में और गति जोड़ने के लिए काम कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने अपनी बात साझा करते हुए एक्स प्लेटफॉर्म पर लिखा, "मसातो कांडा के साथ मेरी बैठक बहुत अच्छी रही। हमने कई मुद्दों पर अपने विचार साझा किए। भारत का तेजी से परिवर्तन अनगिनत लोगों को सशक्त बना रहा है। हम इस यात्रा में और सहयोग देने के लिए तत्पर हैं। वहीं, मसातो कांडा ने भी एक्स पर अपनी बात रखते हुए कहा कि विकसित भारत 2047 का दृष्टिकोण साहसी है। एडीबी इस महत्वाकांक्षा का समर्थन कर रहा है। हम अगले पांच वर्षों में तीसरे पक्ष के साथ शहरी बुनियादी ढांचे के विकास में 10 अरब डॉलर का निवेश करेंगे। इसमें मेट्रो नेटवर्क का विस्तार, नए क्षेत्रीय तेज़ परिवहन प्रणाली कॉरिडोर का निर्माण और शहर सेवाओं का आधुनिकीकरण शामिल है। उन्होंने बताया कि 1966 से एडीबी का संस्थापक सदस्य भारत सबसे बड़ा और स्थायी सहयोगी है। कांडा ने कहा कि हम सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के वित्त को बढ़ाने, ज्ञान सहयोग को प्रगाढ़ करने और पूंजी जुटाने के लिए तैयार हैं।

## हाफिज सईद के गुर्गे का दावा- शेख हसीना को हमने हटवाया



**करांची**। पाकिस्तानी आतंकी संगठन जमात-उद-दावा ने एक बार फिर बांग्लादेश की राजनीति में हलचल मचा दी है। संगठन के नेताओं ने दावा किया है कि बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को सत्ता से हटाने में उनकी अहम भूमिका थी। यह दावा हाफिज सईद के नेतृत्व वाले संगठन के नेताओं सैफुल्लाह कसूरी और मुजम्मिल हाशमी ने किया, जिन्होंने कहा कि यह 1971 के बांग्लादेश मुक्ति संग्राम का बदला था। जमात-उद-दावा के सरगना सैफुल्लाह कसूरी ने कहा कि 1971 में बांग्लादेश की आजादी के बाद पाकिस्तान का विभाजन उनके लिए एक बड़ा झटका था। उन्होंने दावा किया कि पिछले साल 5 अगस्त को बांग्लादेश में हुए सरकार विरोधी प्रदर्शनों में उनके संगठन ने सक्रिय भूमिका निभाई, जिसके परिणामस्वरूप शेख हसीना को सत्ता छोड़कर भारत भागना पड़ा। मुजम्मिल हाशमी ने भी इस दावे को दोहराते हुए कहा कि यह भारत को हराने का एक मौका था। हाफिज सईद, जो 2008 के मुंबई हमलों का मास्टरमाइंड है, लंबे समय से भारत के खिलाफ आतंकी गतिविधियों में शामिल रहा है।

## भारत-अमेरिका के बीच व्यापार समझौता तैयार, जल्द करेंगे सार्वजनिक: ट्रंप



**वाशिंगटन**। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत के साथ व्यापार समझौते को लेकर कहा कि भारत और अमेरिका के बीच एक अहम व्यापार समझौता तैयार है और यह जल्द ही इसे सार्वजनिक किया जाएगा। ट्रंप ने यह भी चेतावनी दी कि अगर पाकिस्तान ने आतंकवाद और सीमा पर तनाव फैलाने की गतिविधियां जारी रखीं, तो उसके खिलाफ कठोर कदम उठाए जाएंगे। ट्रंप ने यह बात एक साक्षात्कार में कही उन्होने कहा कि भारत मजबूत लोकतंत्र है। हमारे संबंध पहले से कहीं ज्यादा मजबूत हैं। पीएम नरेंद्र मोदी के साथ मेरी बेहतरीन समझ है। हम एक मजबूत व्यापार समझौते के बेहद करीब हैं, जो दोनों देशों के हित में होगा। उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि अगर यह समझौता तय समय होता है, तो यह भारत और अमेरिका के बीच आर्थिक रिश्तों को नई ऊंचाई प्रदान करेगा। ट्रंप ने कहा कि हम पाकिस्तान की भूमिका को लेकर सतर्क हैं। अगर पाकिस्तान अपने व्यवहार में बदलाव नहीं लाता, खासकर भारत के साथ सीमा पर तनाव और आतंकवाद के मुद्दे पर, तो अमेरिका को कड़े कदम उठाने पड़ सकते हैं।

# वोट बैंक को खुश करने ऑपरेशन सिंदूर और वक्फ संशोधन एक्ट का विरोध कर रही ममता

एजेंसी, कोलकाता

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कोलकाता में एक कार्यक्रम को संबोधित कर कहा कि ममता बनर्जी मुस्लिम वोट बैंक को खुश करने के लिए ऑपरेशन सिंदूर और वक्फ संशोधन एक्ट का विरोध कर रही हैं।

लेकिन ममता ऐसा करके देश की माताओं और करोड़ों बहनों का अपमान कर रही हैं। पश्चिम बंगाल में 2026 के विधानसभा चुनाव में राज्य की माताएं और बहनें ऑपरेशन सिंदूर की आलोचना करने के लिए सीएम ममता और टीएमसी को पूरा सबक सिखाएंगी। दो दिन के बंगाल दौरे के पहले दिन केंद्रीय मंत्री शाह ने विजय संकल्प कार्यक्रम में पार्टी कार्यकर्ताओं से कहा कि जब पहलगाम आतंकी हमले में बंगाली पर्यटक मारे गए, तब ममता बनर्जी चुप रहीं। मुर्शिदाबाद दंगा राज्य सरकार द्वारा प्रायोजित था। गृह मंत्रालय ने वहां बीएसएफ की तैनाती की बात कही थी, लेकिन दंगाईयों को बचने में लगी ममता सरकार ने ऐसा नहीं होने दिया, जिससे हिंसा जारी रही। भाजपा के चाणक्य शाह ने कहा कि वक्फ संशोधन एक्ट को लेकर मुर्शिदाबाद में हुए दंगों में टीएमसी के कई वरिष्ठ नेता शामिल थे। दंगों में 3 लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। ममता तुष्टीकरण की राजनीति के लिए कानून के खिलाफ हैं। केंद्रीय गृहमंत्री शाह ने कहा कि टीएमसी बांग्लादेश से अवैध घुसपैठ को बढ़ावा दे रही है। उन्होंने कहा कि ममता ने बांग्लादेशियों के लिए बंगाल की सीमाएं खोल दी हैं। बंगाल की सरकार ने बीएसएफ को आवश्यक जमीन नहीं दी है। क्योंकि ऐसा करने से अवैध घुसपैठ रुक जाएगी। जो कि ममता का वोट बैंक बना चुका है। इसलिए ममता बीएसएफ को जमीन नहीं देना चाहती है। पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करने से पहले केंद्रीय मंत्री शाह ने कोलकाता के राजारहाट में सेंट्रल फोरेंसिक साइंस लेबोरेट्री (सीएफएसएल) का उद्घाटन किया था। उन्होंने कहा कि भारत सरकार एक सुरक्षित, पारदर्शी और साक्ष्य आधारित आपराधिक न्याय प्रणाली बना रही है। उन्होंने कहा कि यह जरूरी है कि अपराध रोकने वाले अपराधियों से दो कदम आगे रहें।

### बांग्लादेशियों के लिए बंगाल की सीमाएं खोल दीं



## असम में बाढ़ संकट के बीच अमित शाह ने दिया हरसंभव मदद का भरोसा

**गुवाहाटी**। असम में मूसलधार बारिश से उत्पन्न बाढ़ और भूस्खलन की गंभीर स्थिति के बीच केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने राज्य को केंद्र सरकार की ओर से हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया है। मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्व सरमा ने रविवार को बताया कि गृह मंत्री ने उन्हें फोन कर हालात की जानकारी ली और सभी जरूरी मदद देने का वादा किया। मुख्यमंत्री सरमा ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, "गृह मंत्री अमित शाह ने थोड़ी देर पहले मुझे फोन कर असम में बाढ़ की स्थिति के बारे में जानकारी ली और हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया। मैंने उन्हें अब तक की गई तैयारियों से अवगत कराया। हम उनके संवेदनशील रवैये और सहयोग के लिए आभारी हैं।" राज्य के 12 जिलों में बाढ़ और भूस्खलन से हालात बेहद खराब हैं। अब तक 58,000 से ज्यादा लोग प्रभावित हुए हैं। 1 जून को ब्रह्मपुत्र नद डिब्रूगढ़ में खतरे के निशान को पार कर गई, जिससे स्थिति और गंभीर हो गई है। असम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एएसडीएमए) के अनुसार, अबतक आठ लोगों की मौत हो चुकी है और 175 गांव प्रभावित हुए हैं।

# रोगी सेवा ही ईश्वर सेवा है: मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस

तरुणमित्र, मुंबई



मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने रविवार को नासिक में कहा कि रोगी सेवा ही ईश्वर सेवा है, इसलिए सभी लोगों को अस्पतालों में समाज के हर जरूरतमंद को सर्वोत्तम उपचार मिले, यह सुनिश्चित करने का प्रयास करना चाहिए। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने मुख्यमंत्री सहायता कोष और धर्मादाय अस्पताल राहत प्रकोष्ठ के सभी लोगों से गतिशीलता, पारदर्शिता और संवेदनशीलता के साथ काम करने और की अपील की।

मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस आज महाराष्ट्र पर्यावरण अभियांत्रिकी प्रशिक्षण एवं अनुसंधान अकादमी (मित्र) नासिक में आयोजित मुख्यमंत्री सहायता कोष और धर्मादाय अस्पताल राहत प्रकोष्ठ के जिला स्तरीय अधिकारियों और कर्मचारियों के प्रशिक्षण कार्यशाला के समापन पर बोल रहे थे। कार्यक्रम में जल संसाधन मंत्री गिरीश महाजन, विधायक सीमा हिरय, विधायक एडवोकेट राहुल ढिकले, पुलिस उप महानिरीक्षक दत्तात्रय कराले, जिला कलेक्टर जलज शर्मा, मुख्यमंत्री सहायता कोष प्रकोष्ठ प्रमुख रामेश्वर नाईक उपस्थित थे। मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा कि मुख्यमंत्री सहायता कोष प्रकोष्ठ का गठन विश्वास की भावना से किया गया है। यह देश का पहला प्रकोष्ठ है, जिसे विदेशी औद्योगिक सामाजिक उत्तरदायित्व निधि प्रमाण-पत्र प्राप्त हुआ है। मुख्यमंत्री सहायता कोष का उपयोग चिकित्सा क्षेत्र में करने की अवधारणा वर्ष 2014 में शुरू की गई थी। इसके लिए मुख्यमंत्री सहायता कोष प्रकोष्ठ का संस्थागत ढांचा तैयार किया गया है और यह प्रकोष्ठ आम आदमी की मदद के लिए बनाया गया है। अब यह प्रकोष्ठ जिला स्तर पर भी स्थापित किया गया है। उन्होंने कहा कि इस प्रकोष्ठ के माध्यम से धर्मार्थ अस्पताल के कामकाज में पारदर्शिता भी लानी होगी और दुरुपयोग को रोकना होगा।

# ग्यारहवीं की प्रवेश प्रक्रिया 10 लाख विद्यार्थियों ने कराया पंजीकरण

तरुणमित्र, मुंबई

महाराष्ट्र में कक्षा 11वीं की ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया के पहले चरण में रविवार शाम तक 10 लाख से अधिक विद्यार्थियों ने अपना पंजीकरण कराया है। यह जानकारी सहनिदेशक (माध्यमिक) डॉ. श्रीराम पानझाडे ने दी है। उन्होंने बताया कि ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया में आने वाली सभी तकनीकी समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। ग्यारहवीं में प्रवेश के लिए बार-बार वेबसाइट हैंग होने के कारण विद्यार्थी परेशान हैं। इस बीच राज्य सरकार के स्कूली शिक्षा विभाग की ओर से कहा गया है कि राज्य भर से विद्यार्थी पंजीकरण करा रहे हैं। इस बीच दबाव के कारण वेबसाइट का धीमा चलना, प्रवेश शुल्क का भुगतान, कॉलेज वरीयता क्रम भरने में बाधा जैसी कुछ समस्याएं सामने आई हैं। प्रक्रिया सुचारू रूप से चले, इसके लिए संबंधित कंपनी के माध्यम से तत्काल वैकल्पिक व्यवस्था करने का प्रयास किया गया है। प्रवेश प्रक्रिया के लिए पंजीकरण फॉर्म भरने के लिए विद्यार्थियों को 26 मई से 3 जून 2025 तक पर्याप्त समय दिया गया है। पहले राउंड की प्रोविजनल मेरिट लिस्ट घोषित होने के बाद यदि किसी विद्यार्थी को कोई शिकायत है तो अंतिम मेरिट लिस्ट घोषित होने से पहले हर शिकायत का समाधान कर दिया जाएगा। यह पूरी प्रक्रिया पारदर्शी तरीके से की जा रही है। किसी भी विद्यार्थी से परेशान होने की जरूरत नहीं है। ग्यारहवीं प्रवेश प्रक्रिया की वेबसाइट पर कुछ बदलाव और नए विकल्प शामिल करना जरूरी है। इस पर काम शुरू हो गया है। घोषित कार्यक्रम के अनुसार 21 मई 2025 से वास्तविक छात्र पंजीकरण शुरू करना संभव नहीं था। वेबसाइट में तकनीकी समस्याओं का समाधान किया गया।

# नासिक में कुंभ मेला में श्रद्धालुओं को सभी आवश्यक सुविधाएं और पर्याप्त निधि उपलब्ध कराई जाएगी: मुख्यमंत्री

तरुणमित्र, मुंबई

मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने रविवार को नासिक में कहा कि नासिक में राज्य सरकार की ओर से आयोजित कुंभ मेला में श्रद्धालुओं को सभी आवश्यक सुविधाएं प्रदान की जाएंगी और इसके लिए पर्याप्त निधि उपलब्ध कराई जाएगी। साथ ही दौरान नासिक को सुरक्षित, स्वच्छ और पवित्र वातावरण तैयार करने के लिए हर संभव प्रयास करेगी। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने रविवार को जिलाधिकारी कार्यालय में आयोजित नासिक कुंभ मेला के संदर्भ में आयोजित समीक्षा बैठक के बाद पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि साधु-संतों की उपस्थिति में कुंभ अमृत स्नान के बारे में चर्चा की गई। अखाड़ों और संतों के मार्गदर्शन से राज्य सरकार बेहतर सुविधाएं प्रदान करने की दिशा में काम करेगी। 2015 में तैयारी का समय कम था, लेकिन इस बार पर्याप्त समय है, जिससे सरकार बेहतर तैयारी कर रही है। मुख्य उद्देश्य गोदावरी नदी को निर्मल और प्रवाही बनाए रखना है। इसके लिए जलप्रवाह में गंदे पानी का प्रवेश रोका जाएगा। सीवेज ट्रीटमेंट प्रोजेक्ट के लिए निविदाएं जारी की जा रही हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि कुंभ और उसके बाद भी गोदावरी जल निर्मल बना रहेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार अखाड़ों को आवश्यक सुविधाएं प्रदान करेगी। "साधुग्राम" की जगह स्थायी रूप से आरक्षित की जाएगी। शहर में सडक़ों का जाल बिछाया जा रहा है। कुशावर्त में भीड़ नियंत्रण की योजना बनाई जा रही है। घाटों का संरक्षण किया जाएगा और नाशिक-त्र्यंबकेश्वर में बेहतरीन सुविधाएं तैयार की जाएंगी। मौके पर नासिक के जिलाधिकारी जलज शर्मा ने नासिक कुंभ मेला का कार्यक्रम घोषित किया। उन्होंने कहा कि सिंहस्थ ध्वजारोहण शुभारंभ -शनिवार, 31 अक्टूबर 2026 - दोपहर 12:02 बजे (रामकुंड, पंचवटी) में किया जाएगा। इसके बाद प्रथम अमृत स्नान- सोमवार, 02 अगस्त 2027 -आषाढ़ सोमवती अमावस्या को होगा। द्वितीय अमृत स्नान (महाकुंभ स्नान)- मंगलवार, 31 अगस्त 2027 - श्रावण अमावस्या को होगा, जबकि तृतीय अमृत स्नान-शनिवार, 11 सितंबर 2027 - भाद्रपद शुद्ध एकादशी को होगा।



## विरार में हत्या कर फरार आरोपित 24 साल बाद कानपुर में गिरफ्तार

तरुणमित्र, मुंबई

पालघर जिले के विरार में करीब 24 साल पहले हत्या करने के आरोपित को पुलिस ने उत्तर प्रदेश के कानपुर शहर से गिरफ्तार किया है। इस मामले के दो आरोपित पहले ही गिरफ्तार किए जा चुके हैं। इस घटना की छानबीन वसई-विरार पुलिस कमिश्नरेट की क्राइम ब्रांच की टीम कर रही है। पुलिस उपनिरीक्षक अजीत गीते ने रविवार को बताया कि दिवाकर दोशी, हुरनाल अली सैयद और ओमप्रकाश पर 14 जनवरी, 2001 को विरार में हार्डवेयर की दुकान चलाने वाले मोहर्रम अली मोहम्मद इब्राहिम अली (46) की पेट में चाकू घोंपकर हत्या करने का आरोप है।

# सीडीएस ने भी माना विमान गिराए गए फिर भी हमें देशद्रोही कहा जा रहा

### पवन खेड़ा ने कहा- किन परिस्थितियों में सीजफायर हुआ सरकार को देना होगा जवाब

एजेंसी, नई दिल्ली

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पवन खेड़ा ने ऑपरेशन सिंदूर पर सीडीएस जनरल अनिल चौहान के एक बयान को आधार बनाकर केंद्र सरकार पर रविवार को निशाना साधा। पवन खेड़ा ने कहा कि देश की जनता को यह जानने का हक है कि किन परिस्थितियों में भारत-पाक के बीच सीजफायर हुआ। उन्होंने कहा कि हम लगातार जो सवाल उठा रहे हैं, उसके कारण हमें देशद्रोही कहा जा रहा है। अब तो सीडीएस ने भी विदेश जाकर स्वीकार कर लिया है कि हमारे विमान गिराए गए। पवन खेड़ा ने कहा कि देश को यह जानने का अधिकार है कि किन परिस्थितियों में ऐसा हुआ। इसके क्या कारण थे और इसका समाधान क्या है। भारत-पाक के बीच इतनी जल्दी सीजफायर क्यों किया गया, जबकि हमारी सेनाओं ने पाकिस्तान को घुटने पर लाने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ी थी। सवाल यह है कि केंद्र सरकार अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से इतना क्यों डरती है। केंद्र सरकार से सारे सवाल पूछे जाएंगे और उन्हें जवाब देना होगा। इसलिए, कांग्रेस पार्टी संसद का विशेष सत्र बुलाने की मांग कर रही है। ऑपरेशन सिंदूर पर क्रेडिट लेने के एक सवाल पर पवन खेड़ा ने कहा कि पीएम मोदी ट्रंप के आंखों में आंख मिलाकर क्यों नहीं कहते हैं कि सीजफायर को लेकर मध्यस्थता की बात झूठी है। पूरा देश पीएम मोदी के साथ खड़ा हो जाएगा। केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान के बिहार विधानसभा चुनाव लड़ने के बयान पर पवन खेड़ा ने कहा कि आने वाले दिनों, हफ्तों और महीनों में बहुत कुछ होने वाला है। पीएम मोदी को तैयार रहना चाहिए और सीट बेल्ट बांधकर बैठ जाना चाहिए। खेड़ा का दावा है कि बिहार में विधानसभा चुनाव से पहले कई समीकरण बदलेंगे।



## भारत में कोरोना के नए सब-वैरिएंट्स ने बढ़ाई चिंता, 24 घंटे में 4 की मौत

एजेंसी, नई दिल्ली

भारत में कोरोना के नए सब-वैरिएंट्स ने चिंता बढ़ा दी है। पिछले 24 घंटे में 4 लोगों की मौत हुई है और 685 नए मामले आए हैं। सबसे ज्यादा सक्रिय मामले केरल (1,336), महाराष्ट्र (467), दिल्ली (375), गुजरात (265), कर्नाटक (234), पश्चिम बंगाल (205), तमिलनाडु (185) और उत्तर प्रदेश (117) में हैं। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के ताजा आंकड़ों के अनुसार, शनिवार, 31 मई तक देश में 3,395 सक्रिय मामले दर्ज किए गए हैं। पिछले 24 घंटों में 685 नए मामले सामने आए हैं, जबकि चार लोगों की मौत हुई है।

### आज ठाणे में कोरोना के नए 9 मरीज

**तरुणमित्र, मुंबई**। ठाणे महानगर पालिका के क्षेत्र में आज कोरोना के नए 9मरीज सामने आए हैं। अब तक ठाणे मनपा परिसर में कुल मरीज 103 प्रभावित हुए हैं। ठाणे महानगर पालिका सूचना एवं जन संपर्क विभाग ने आज बताया है कि 35 मरीजों का पांच दिवसीय होम क्वारंटीन पूरा हुआ है।जबकि अस्पताल में भर्ती मरीज कुल 16 की हालत स्थिर बनी हुई है।


# गाजा धरती का सबसे भूखा स्थान घोषित, यूएन ने स्थिति को बताया गंभीर

### यदि हालात नहीं सुधरे तो इजराइल पर लगाएंगे प्रतिबंध

एजेंसी, गाजा

संयुक्त राष्ट्र ने गाजा पट्टी को पृथ्वी का सबसे भूखा स्थान घोषित कर दिया है, जहां की करीब 24 लाख की आबादी अकाल के खतरे से जूझ रही है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक यूए मानवीय मामलों के समन्वय कार्यालय के प्रवक्ता ने कहा कि यह दुनिया का इकलौता ऐसा क्षेत्र है जहां 100 फीसदी लोग अकाल के जोखिम झेल रहे हैं। उन्होंने कहा कि इजराइल द्वारा मानवीय सहायता की आपूर्ति रोके जाने और सैन्य हमलों के कारण स्थिति बेहद गंभीर है। गाजा में 11 सप्ताह की नाकाबंदी के बाद अंतरराष्ट्रीय दबाव के चलते कुछ सीमित मदद पहुंचने लगी है, लेकिन यह समुद्र में एक बूंद के समान है। यहां कम से कम 20 फीसदी लोग भुखमरी के शिकार हैं और 30 फीसदी बच्चे तीव्र कुपोषण के शिकार हैं। प्रतिदिन हजारों बच्चों में से कई भूख या उससे जुड़ी बीमारियों से मौत के मुंह में समा जाते हैं। सहायता अभियान बाधाओं में फंसा हुआ है और इजराइली अनुमति के बावजूद 900 में से केवल 600 ट्रक ही गाजा में प्रवेश कर पाए हैं। स्थानीय लोगों की हालत अत्यंत दयनीय है। कई परिवार फफूंद लगी रोटियों से गुजारा कर रहे हैं। लोगों का कहना है कि अब सहायता केवल उन्हीं को मिल रही है जो ताकतवर हैं, बाकी खाली हाथ लौट जाते हैं। विश्व खाद्य कार्यक्रम (डब्ल्यूपीएफ) के गोदाम पर भीड़ के चलते दो लोगों की मौत हो गई। फिलहाल इजराइल सिर्फ आटा ले जाने की अनुमति दे रहा है, जबकि तैयार भोजन की इजाजत नहीं है। 2 मार्च से लागू पूर्ण नाकाबंदी के चलते दवा, भोजन और ईंधन की आपूर्ति ठप है। मीडिया रिपोर्ट में स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक हाल ही के इजराइल के रियाहशी इलाकों में हमलों में 79 लोग मारे गए और 200 से ज्यादा घायल हुए हैं। बच्चों और बुजुर्गों पर इसका सबसे बुरा असर पड़ा है।





## संक्षिप्त समाचार

### नाथद्वारा के किशन ने 95.83% अंक प्राप्त करके रचा इतिहास

ब्यूरो रिपोर्ट



**राजसमन्द।** राजसमंद के स्टूडेंट किशन जैन ने 10वीं में 95.83 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। किशन जैन सीबीए स्कूल नाथद्वारा के स्टूडेंट है। किशन ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और शिक्षकों को दिया, जिन्होंने हर कदम पर उनका उत्साह बढ़ाया। उनके पिता तरुण कुमार जैन मोलेला में किराणा व्यवसायी है। मेवाड़ युवा सेना प्रमुख दिनेश बोहरा ने अपने भांजे को आशीर्वाद दिया।

### बरवा के नरेश ने बनाये दसवीं में 79.33 प्रतिशत ग्रामीणो व विधालय कर्मचारियों ने किया छात्र का बहुमान

अमरपुरी गोस्वामी दादाई



**भाद्राजून राजस्थान** माध्यमिक शिक्षा बोर्ड अजमेर ने दसवीं कक्षा का परिणाम घोषित किया जिसमें राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बरवा के छात्र नरेश पटेल ने 79.33 प्रतिशत अंक हासिल कर विद्यालय एवं गाँव का नाम रोशन किया है। छात्र ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता पिता एवं गुरूजनो को दिया। प्रधानाचार्य महेश कुमार दवे ने 10 वीं व 8 वीं का परिणाम शत प्रतिशत रहने पर विधालय के सभी कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया। नरेश पटेल के अलावा हितेश सिंह गोयल ने 73.17 प्रतिशत, प्रियंका ने 63.17 प्रतिशत, रोनक कुमार 62.33 प्रतिशत, शैला कवर 56.17 प्रतिशत, दुर्गा कंवर 54.67 प्रतिशत, रविना कंवर 54.17 प्रतिशत, श्रवण कुमार 53.17 प्रतिशत, चन्द्रपाल सिंह 53 प्रतिशत, अरविंद कुमार मीणा 49.83 प्रतिशत, रिंकु कुमारी 47.67 प्रतिशत , राहुल कुमार 46.33 प्रतिशत, हिरा राम 45.50 प्रतिशत, भवरी कुमारी 45.17 प्रतिशत, मदिना बानो 45 प्रतिशत, रविन्द्र कुमार 40 प्रतिशत रहने के साथ विद्यालय परिणाम सौ प्रतिशत रहा | विद्यार्थियो ने विद्यालय का परिणाम शत प्रतिशत कर विद्यालय कर्मचारियों एवं गाँव का नाम रोशन किया विद्यालय स्टाफ में कालुराम मीणा, सुमित रेवाड़, लक्ष्मण सिंह चंपावत, ललिता दवे, मुकेश चन्द्र जोशी, बंशीधर, पुना राम देवासी( वरिष्ठ सहायक) गुलाब सरगरा पंचायत शिक्षक का आभार व्यक्त किया।

### स्वर्णकार हेडाऊ गोत्र का 6 ठा स्नेह मिलन समारोह कार्यक्रम हेतु कार्यकारणी की बैठक आयोजित कार्यक्रम की दी जिम्मेदारी



अमरपुरी गोस्वामी दादाई

**सादडी।** नगर के स्वर्णकार समाज भवन मे स्वर्णकार हेडाऊ गोत्र की कार्यकारणी की बैठक अध्यक्ष कन्हैयालाल सोनी की अध्यक्षता मे आयोजित हुई। बैठक मे नवम्बर मे जोखर आशापुरा मंदिर दादाई पर छठा स्नेह मिलन समारोह कार्यक्रम आयोजित करने हेतु विचार विमर्श कर कार्यक्रम को सफल आयोजन करने हेतु सभी समाज बन्धुओ को अलग-अलग जिम्मेदारी देते हुए समाज विकास, शिक्षा,पर जोर दिया गया।मेला कार्यक्रम आगामी नवम्बर माह मे 3 व 4 नवम्बर आयोजित होगा।इस अवसर पर कन्हैयालाल हेडाऊ, ओमप्रकाश सोनी, प्रकाश सोनी,राजेन्द्र सोनी, किशोर कुमार सोनी, मनोज कुमार, सुर्यप्रकाश , छगनलाल सोनी, पोपटलाल, हरीश सोनी सहित कई समाज बंधु उपस्थित थे।

# मदुरै में श्री अम्बे माताजी मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा हर्षोल्लास से सम्पन्न हुई, उमड़ा आस्था का जनसैलाब

कर्मपालसिंह सवाली






**मदुरै,तमिलनाडु।** मदुरै यहां श्री मदुराई राजस्थानी सेवा समाज ट्रस्ट द्वारा श्री अम्बे माताजी मंदिर में अम्बे माँ मूर्ति प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव के दौरान धर्म, संस्कृति व सामाजिक चेतना के अद्भुत संगम की झलक देखने को मिली। प्रवासी प्रवक्ता दिनेश सालेचा ने बताया कि इस अवसर पर आयोजित समारोह में देश के अनेक राज्य से पधारें संतों, सांसद, विधायक व अन्य जनप्रतिनिधियों ने अपने विचार रखते हुए मंदिर निर्माण को सिर्फ धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि सामाजिक जागरण का केंद्र बताया। समारोह में समाज के हजारों श्रद्धालु, ग्रामीणजन, साधु-संतों और मदुरै के अनेक समाज व संस्थाओं सदस्य व मंडलों की उपस्थिति रही। भजन-कीर्तन, धार्मिक झांकियां, शोभायात्रा व महाप्रसादी जैसे कार्यक्रमों ने आयोजन को भव्यता व भक्तिभाव से परिपूर्ण बना दिया। महोत्सव में श्री मंगलाईनाथजी महाराज की पावन सानिध्य में प्राण- प्रतिष्ठा के सम्पूर्ण आयोजन सम्पन्न हुए रहा ।

तीन दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान स्वामी श्री गणेशानंद गिरिजी महाराज की निश्रा में पंडित निम्बेशजी शास्त्री ने पूजन, संकल्प, हवन, यज्ञ, आहुतियाँ इत्यादि वैदिक मंत्रोच्चार द्वारा मूर्ति की प्राण - प्रतिष्ठा सम्पन्न करवाई । महोत्सव में माताजी की अमर ध्वजा के लाभार्थी हुकुमसिंह सुपुत्र जवानसिंह दहिया परिवार एवं कलश स्थापना के लाभार्थी विक्रमसिंह, दलपतसिंह,, शम्बूसिंह, सुपुत्र जबरसिंह राठौड़ परिवार ने लिया अंतिम दिन महाप्रसादी का लाभ श्री मदुराई राजस्थानी सेवा समाज ट्रस्ट द्वारा रखी गई । महोत्सव में साधु- संतों व सांसद विधायक सहित समारोह के लाभार्थियों का सम्मान किया । मदुरै नगरवासियों ने आयोजन में पूरी सहभागिता दिखाई । पुरुष, युवाओं ने तैयारियो में सक्रिय रहे । श्रद्धालुओं के लिए भोजन, पानी, और आवास की उत्तम व्यवस्था की गई । महोत्सव को सफल बनाने में सेवा समाज ट्रस्ट मण्डल के ट्रस्टीगण, सभा के पदाधिकारीगण सहित सेवा समाज के सदस्यगण युवा कार्यकताओं का विशेष योगदान रहा । सेवा समाज ट्रस्ट के अध्यक्ष मोहनलाल चौधरी व सभा के अध्यक्ष जुहारसिंह ने सभी का धन्यवाद सहित आभार व्यक्त किया । यह जानकारी दिनेश कुमार जैन ने मीडिया को दी।

## बालूराम भील शाखा प्रबन्धक सेंथी चित्तौड़गढ़ बैंक ऑफ बड़ौदा से सेवानिवृति हुए

कर्मपालसिंह सवाली



**भीलवाड़ा, राजस्थान।** बैंक ऑफ बड़ौदा की शाखा सेंथी जिला चित्तौड़गढ़ के शाखा प्रबन्धक बालूराम भील निवासी जाटान निंबाहेड़ा जिला भीलवाडा का आज 35 वर्ष 2 माह 5 दिन की सेवा कार्य उपरान्त आज 31 मई 2025 को सेवा निवृत हुए बालूराम भील शाखा प्रबन्धक महोदय की प्रथम नियुक्ति 27मार्च 1990 को डुंगरपुर मुख्य शाखा में क्लर्क के रूप में ज्वाइन किया गया, 28जुलाई 1998 से 2003 तक इनका स्थानांतरण छत्तीसगढ़ में हुआ था इसके बाद 2004 से पुनः राजस्थान में स्थानांतरण हुआ जिसमें आपने डूंगरपुर, पूँजपुर, ओबरी, सलौदा, छितरी, पूनाली बिलौता, भदेसर, निंबाहेड़ा, कपासन और अंत में सेंथी चितौड़ शाखा में हुआ जिनका आज बैंक ऑफ बड़ौदा में शाखा सेंथी के स्टाफ साथियों ने जोरदार सेवा निवृति कार्यक्रम आयोजित किया गया इस दौरान उनके परिवार जन भाई कन्हैयालाल, ऊंकार लाल, पूनमचंद सहित उनके संबंधी, सोहनलाल ,पोटला तहसीलदार प्रेमराज भील, प्रदेश मीडिया प्रभारी गुलाबचंद भील, रायपुर तहसीलदार डालचंद, गंगरार सीबीईओ बालूराम भील,भीलवाडा जिला महासचिव ईश्वर लाल, पोस्टमेन दिनेश चन्द्र, राजसमन्द जिले से देवगढ़ तहसील अध्यक्ष योगेश कुमार, प्रधानाचार्य घीसूलाल, लालूराम , राशमी हाल धरियावद प्रधानाचार्य नाथूलाल , कपासन तरनावतों का खेड़ा प्रधानाचार्य मांगीलाल, लालू राम, कपासन से सामाजिक कार्यकर्ताओं सोहनलाल, नारायण लाल नंगांवली, खेमराज, रमेश चन्द्र, गोपाल लाल अकोदड़िया, एस आई अंबालाल, एस आई शंकरलाल , पंजाब नेशनल बैंक चित्तौड़ दिनेश चन्द्र मांडल सहित कई सामाजिक कार्यकर्ताओं,गणमान्य लोगों ने सेवा निवृति कार्यक्रम में पुष्पहारों से लादते हुए राणा पूंजा भील की तस्वीर, कृष्ण भगवान की तस्वीर, माता शबरी की तस्वीर, संविधान निर्माता बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर की तस्वीर भेंट कर स्वागत अभिनंदन किया गया।

## डॉ. महेश सोनी को देश की राजधानी नई दिल्ली में किया सम्मानित, सोजत सिटी का नाम पुरे वर्ल्ड में किया रोशन

कर्मपालसिंह सवाली



**नई दिल्ली।** देश की राजधानी नई दिल्ली में एक कार्यक्रम में सोजत मेहंदी नगरी के मानवाधिकार परिषद भारत राजस्थान प्रदेश सह सचिव सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. महेश सोनी सोजत सिटी जिला पाली राजस्थान को समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर व हर समय समाज सेवा में सक्रिय रहने पर व गरीब बच्चों को कपड़े वितरण करने पर डॉ. महेश सोनी को देश की राजधानी नई दिल्ली में दुपट्टा पहनाकर व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित करते हुए डॉ.जसप्रीत कौर ने सम्मानित किया। डॉ. महेश सोनी ने सोजत सिटी मेहंदी नगरी का नाम पुरे वर्ल्ड में रोशन किया व डॉ. महेश सोनी देश की राजधानी नई दिल्ली में लगातार 9 बार सम्मानित हो चुके हैं ।

## सेलो फाउंडेशन द्वारा फालना गांव सरली तालाब का पुनर्जीवन व खुदाई कार्य का शुभारंभ

कर्मपालसिंह सवाली



**पाली, राजस्थान।** ग्राम पंचायत फालना गांव के सरली तालाब पर कर्मभूमि से मातृभूमि योजना अंतर्गत जल संचय-जन भागीदारी-जन आंदोलन के माध्यम से स्वर्गीय घीसू लाल जी धनराज जी बादमिया राठौड परिवार सेलो फाउंडेशन के अध्यक्ष व भामाशाह प्रदीप राठौड़ के सहयोग से सूखा मुक्त राजस्थान अभियान के तहत संयोजक राजस्थान वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा तालाबों के पूनजीवन व जल भरा क्षमता को बढ़ाने के उद्देश्य से आज ग्राम पंचायत फालना गांव के प्रशासक करण सिंह राजपुरोहित सेलो ग्रुप फालना के उपाध्यक्ष शंभू सिंह यादव बसंत जैन द्वारा तालाब व मामाजी मंदिर पर विविध पूजा अर्चना कर तालाब पर पुनजीवन वह खुदाई कार्य का शुभारंभ किया! सेलो फाउंडेशन के प्रतिनिधि अमित कुमार ने योजनाओं के बारे में जानकारी देकर बताया कि इसका मुख्य उद्देश्य जमीन का जलस्तर भूगर्भ में बढ़ाया जा सके और तालाब की जल भराव क्षमता बढ़ सके जिससे आम जनता, किसानों के हितों मे पशु - पक्षियों व पर्यावरण को फायदा पहुंचेगा कार्यक्रम में जल संरक्षण एवं उसकी महत्वता के बारे में जानकारी दी गई ! इस दौरान कार्यक्रम मे ग्राम विकास अधिकारी प्रवीण पुरी गोस्वामी जल मित्र मालाराम चौधरी, गिरधारी लाल मेघवाल, मांगीलाल चौधरी, ग्रामीण गोवर्धन सिंह सोलंकी,मोहनलाल मेघवाल, रुपाराम चौधरी, रघुनाथ राम मेघवाल, मगाराम चौधरी, धनाराम मीणा, रुपाराम लोहार, भगानाथ, मोहनलाल, नरेश प्रजापत,हीरालाल मेघवाल,जितेंद्र नाथ, सहित ग्रामीण उपस्थित थे ।

## वारिस पंजाब संगठन ने कैंप लगाकर सदस्यता फार्म भरे

चीफ ब्यूरो राजिंदर सिंह भट्ट




**फतेहगढ़ साहिब 1 जून** - शिरोमणि अकाली दल वारिस पंजाब संगठन ने साहिबजादों के अंतिम संस्कार स्थल गुरुद्वारा ज्योति सरूप साहिब में एडवोकेट सुवंतरदीप सिंह बड़गुजरा के नेतृत्व में कैंप लगाया और सदस्यता फार्म भरे। एडवोकेट सुवंतरदीप सिंह ने कहा कि अकाली दल वारिस पंजाब के सदस्यता अभियान में लोग बढ़-चढ़कर सदस्यता फार्म भर रहे हैं। उन्होंने कहा कि समय की सरकारों ने हमेशा सिखों के साथ धक्का किया है, क्योंकि लोगों ने सांसद अमृतपाल सिंह को भारी बहुमत से चुना था, लेकिन सरकार ने उन पर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून लगाकर जेल में बंद कर दिया, जबकि लोग बार-बार मांग कर रहे हैं कि सरकार चुने हुए प्रतिनिधि को जल्द रिहा करे। एडवोकेट सुवंतरदीप सिंह और राजबीर सिंह ने कहा कि अगर सरकार सिखों के मन में बैठी नफरत को खत्म करना चाहती है तो भारत की जेलों में बंद सिखों के साथ भाई अमृतपाल सिंह को भी रिहा किया जाए। उन्होंने कहा कि सदस्यता अभियान का लक्ष्य कोई एक नहीं, बल्कि अधिक लोगों को सदस्यता अभियान में जोड़ा जा रहा है, ताकि आने वाले समय में वारिस पंजाब के विधायक बनाकर सरकार के दरबार में भेजे जा सकें, जो लोगों के हकों के लिए और क्षेत्र के विकास के लिए ईमानदारी से काम कर सकें। इस अवसर पर जसपाल सिंह फौजी, हाकम सिंह, जसपाल सिंह मेहता, प्रिंस सिंह आदि सहित बड़ी संख्या में वारिस पंजाब संगठन के नेता मौजूद थे। फोटो कैप्शन - गुरुद्वारा ज्योति सरूप साहिब में संगत के फार्म भरते वारिस पंजाब संगठन के नेता।

## कम वोल्टेज से जूझ रहे राणा ग्रामवासी, ट्रांसफार्मर की मांग को लेकर उठाई आवाज

पाली/निंबाड़ा, अशोक कड़ेला।



रोहट तहसील की ग्राम पंचायत राणा में भील और मेघवाल समाज की ढाणियों में वर्षों से विद्युत समस्या बनी हुई है। यहां लगे 16 केवी क्षमता के ट्रांसफार्मर पर करीब 200 से 250 कनेक्शन जुड़े हुए हैं, जिससे लगातार कम वोल्टेज की समस्या बनी रहती है। सामाजिक कार्यकर्त्ता जोताराम देवासी ने बताया कि ट्रांसफार्मर पर क्षमता से अधिक लोड होने के कारण पंखे, फ्रिज, टीवी, कूलर और बल्ब जैसे घरेलू उपकरण या तो चलते ही नहीं या फिर बार-बार जल जाते हैं। कम वोल्टेज के चलते खासतौर पर गर्मी के मौसम में बच्चों और बुजुर्गों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों ने बताया कि इस समस्या को लेकर कई बार बिजली विभाग के उच्च अधिकारियों को अवगत कराया गया, लेकिन अब तक कोई समाधान नहीं हुआ है। ग्रामीणों की मांग है कि यहां अतिरिक्त ट्रांसफार्मर लगाया जाए ताकि क्षेत्रवासियों को राहत मिल सके और मूलभूत सुविधा के तहत उन्हें पर्याप्त विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही समाधान नहीं किया गया, तो वे आंदोलन का रास्ता अपनाने को मजबूर होंगे।

# विधायक सुरेंद्र सिंह राठौड़ का 63वां जन्मदिन हर्षोल्लास के साथ मनाया







कर्मपालसिंह सवाली /किशन पालीवाल आमेट

**आमेट=कुंभलगढ़** विधानसभा के विधायक सुरेंद्र सिंह राठौड़ का 63 व जन्मदिन हर्षोल्लास के साथ मनाया गया , विधानसभा मीडिया संयोजक किशन पालीवाल ने बताया कि विधायक सुरेंद्र सिंह राठौड़ अपने जन्मदिन पर परिवार सहित प्रातः सोनियाणा आश्रम पहुंचे जहां पर भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना व जलाअभिषेक किया और पूजनीय गुरुदेव की छवि पर माल्यार्पण कर आशीर्वाद प्राप्त किया उसके बाद विधायक राठौड़ आमेट कुंभलगढ़ विधानसभा क्षेत्र के जोर पंचायत के बाघपुरा गांव पहुंचे जहां पर ग्राम वासियों द्वारा आयोजित कार्यक्रम में भाग लिया कार्यक्रम में विधायक राठौड का साफ़ा एकलाई तिलक से स्वागत किया गया ।और वही अपने 63 वे जन्मदिन केअवसर पर तलवार से केक काटकर अपना जन्मदिन मनाया, इस अवसर पर विधायक राठौड़ में जनता को संबोधित करते हुए कहा कि गर्मी के दौरान चल रही पानी की समस्या के बारे में अवगत कराते हुए कहा कि आने वाले तीन वर्ष में माही डैम का पानी यहां तक लाया जाएगा और पानी की समस्या से निजात दिलाया जाएगा । कुंभलगढ़ विधानसभा क्षेत्र में पंचायत के बारे में बताते हुए कहा कि नई पंचायत बनाने के बारे में कहा कि राज्य सरकार द्वारा बडी पंचायत को छोटी पंचायत बनाई जाएगी जिससे पंचायत की संख्या बढ़ेगी और नई पंचायत बनेगी जिससे प्रत्येक गांव के सरपंच का काम का भार कम पड़ेगा विकास के कार्य अधिक होंगे। इस कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष जगदीश चंद्र पालीवाल,जिला प्रमुख रत्नीदेवी चौधरी, पूर्व जिला प्रमुख नंदलाल सिंघवी जिला महामंत्री सुनील गांधी जिला मंत्री हरि सिंह राव , पंचायत समिति प्रधान अणची देवी गुर्जर, उप प्रधान सज्जन सिंह सोलंकी ,सरदारगढ़ मंडल अध्यक्ष शिव चरण सिंह, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष गंगा सिंह,नगर मंडल अध्यक्ष राधेश्याम खटीक सहित विभिन्न मंडलों के अध्यक्ष ,सरपंच, सहित भाजपा कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।



# छत्रपति शिवाजी महाराज सर्किट आला हेरिटेज टूर पहली 100 बुकिंग पर 5% की छूट

### 9 जून 2025 को छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस से रवाना होगी

तरुणमित्र / मुंबई ब्यूरो



**मुंबई** : IRCTC की विशेष टूर पेशकश में रायगढ़ किला, पुणे (लाल महल, कस्बा गणपति और शिवसृष्टि), शिवनेरी किला, भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग, प्रतापगढ़ किला और कोल्हापुर (महालक्ष्मी मंदिर और पन्हाला किला) शामिल हैं। बहुप्रतीक्षित ट्रेन टूर "छत्रपति शिवाजी महाराज सर्किट टूर" 09 जून, 2025 को रवाना होने के लिए तैयार है। 05 रातों और 06 दिनों की यात्रा कार्यक्रम छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस स्टेशन से शुरू होगा। अत्याधुनिक भारत गौरव एसी टूरिस्ट ट्रेन जिसमें स्लीपर, एसी III टियर और एसी-II टियर कोच हैं, जिसमें कुल 748 पर्यटकों को समायोजित करने की क्षमता है। पर्यटक इस टूरिस्ट ट्रेन में दादर और ठाणे रेलवे स्टेशन से भी सवार हो सकते हैं।आईआरसीटीसी 'छत्रपति शिवाजी महाराज सर्किट' पर अपनी तरह का पहला हेरिटेज टूर संचालित करने के लिए पूरी तरह तैयार है, जो मराठा साम्राज्य के संस्थापक छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन से जुड़े प्रमुख स्थलों को कवर करेगा। पहले दिनः छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस (सीएसएमटी) से कोंकण रेलवे नेटवर्क पर मानगांव रेलवे स्टेशन के लिए अपनी यात्रा शुरू करेगा, जो रायगढ़ किले के लिए निकटतम रेलवे लिंक है। पहला गंतव्य रायगढ़ है, जो उसी नाम के पहाड़ी किले के लिए जाना जाता है जहां छत्रपति शिवाजी महाराज का राज्याभिषेक या राज्याभिषेक हुआ था और बाद में यह उनकी राजधानी थी जहां से उन्होंने शासन किया था। दर्शनीय स्थलों की यात्रा पूरी होने पर, पर्यटक वापस ट्रेन में लौट आएंगे क्योंकि यह अगले गंतव्य पुणे के लिए आगे बढ़ेगी, जहां पर्यटक रात का भोजन करेंगे और पुणे में होटल में रात बिताएंगे। दूसरे दिनः जैसा कि नाम से पता चलता है, लाल महल एक लाल रंग का महल है जिसे छत्रपति शिवाजी के पिता शाहजी भोसले ने 1630 ई. में अपनी पत्नी जीजाबाई और बेटे के लिए बनवाया था। वर्तमान संरचना का पुनर्निर्माण 1984 में उस भूमि के एक हिस्से पर किया गया था जहाँ लाल महल खड़ा था और इसमें तेल चित्रों का एक विशाल संग्रह है जो छत्रपति शिवाजी महाराज के महत्वपूर्ण जीवन की घटनाओं को दर्शाता है। पुणे के पीठासीन देवता कस्बा गणपति का मंदिर 1893 का है और माना जाता है कि इसे छत्रपति शिवाजी महाराज की माँ जीजाबाई ने बनवाया था। तब से, शहर को गणेश के शहर के रूप में जाना जाता है। बाद में दिन में, पर्यटक शिवसृष्टि का दौरा करेंगे - छत्रपति शिवाजी महाराज की कथा को प्रदर्शित करने वाला सबसे बड़ा ऐतिहासिक थीम पार्क। पर्यटक मराठा शासक की जीवन कहानी को 3डी में देखेंगे और अन्य इंटरैक्टिव सत्रों का आनंद लेंगे। पुणे में रात्रि विश्राम के बाद तीसरे दिन : मेहमान शिवनेरी की यात्रा करेंगे, जो पुणे शहर से 95 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। शिवनेरी किला जुन्नार शहर के ऊपर एक पहाड़ी की चोटी पर स्थित है। यह छत्रपति शिवाजी महाराज का जन्म स्थान है और मुस्लिम शासन के खिलाफ मराठा गौरव और प्रतिरोध का प्रतीक है। दोपहर के भोजन के बाद, पर्यटक रात के विश्राम के लिए पुणे लौटने से पहले 12 ज्योतिर्लिंग मंदिरों में से एक भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग मंदिर का दौरा करेंगे। चौथे दिनः पर्यटक सतारा की आगे की यात्रा के लिए ट्रेन में सवार होंगे। इस स्टेशन से कवर किया जाने वाला मुख्य स्थल प्रतापगढ़ किला है जो 1659 में छत्रपति शिवाजी महाराज और बीजापुर सल्तनत के जनरल अफजल खान के बीच हुए प्रतापगढ़ के युद्ध के कारण ऐतिहासिक महत्व रखता है। इस युद्ध ने मराठा साम्राज्य की स्थापना के लिए मंच तैयार किया था। यात्रा के बाद, पर्यटक एक उपयुक्त स्थान पर दोपहर का भोजन करेंगे और वापस ट्रेन के लिए रवाना होंगे क्योंकि यह इस दौरे के अंतिम गंतव्य कोल्हापुर के लिए आगे बढ़ेगी। 5वें दिनः ट्रेन सुबह-सुबह छत्रपति शाहू महाराज टर्मिनस कोल्हापुर रेलवे स्टेशन पर पहुंचेगी। नहाने-धोने और होटल में नाश्ता करने के बाद पर्यटक अंबाबाई के नाम से लोकप्रिय महालक्ष्मी मंदिर जाएंगे और उसके बाद पन्हाला किला देखेंगे। सह्याद्री पर्वतमाला के ऊपर स्थित यह पहाड़ी किला कई लड़ाइयों का गवाह है और छत्रपति शिवाजी महाराज से इसका गहरा संबंध है, जिन्होंने 500 से अधिक दिन वहां बिताए थे जहां उन्हें बंदी बनाकर रखा गया था और बाद में वे भाग निकले थे। पन्हाला किला - जिसे 'सांपों का किला' भी कहा जाता है क्योंकि यह आकार में टेढ़ा-मेढ़ा है। यह किला छत्रपति शिवाजी महाराज और शंभाजी महाराज के जीवन इतिहास से जुड़ा हुआ है। इस किले पर कब्जा करने की लड़ाई के दौरान छत्रपति शिवाजी महाराज के सेनापति बाजी प्रभु देशपांडे द्वारा दिखाए गए वीरता के लिए याद किया जाता है इकोनॉमी (स्लीपर क्लास) में प्रति व्यक्ति 13,155/-, कम्फर्ट (3AC) में प्रति व्यक्ति 19,840/- और सुपीरियर (2AC) के लिए प्रति व्यक्ति 27,365/- रुपये का पैकेज है। पहली 100 सीधे बुकिंग पर 5% की छूट दी गई है।

सभी श्रेणियों में सर्वसमावेशी मूल्य में संबंधित वर्गों में ट्रेन यात्रा, आरामदायक होटलों में रात का ठहराव, सभी भोजन (केवल शाकाहारी), बसों में सभी स्थानांतरण और दर्शनीय स्थल, यात्रा बीमा, टूर एस्कॉर्ट की सेवाएं आदि शामिल होंगे। मेहमानों को एक सुरक्षित और यादगार अनुभव प्रदान करने के लिए IRCTC द्वारा सभी आवश्यक प्रयास किए जाएंगे। अधिक जानकारी के लिए, आप IRCTC की वेबसाइटः https://www.irctctourism.com/bharatgaurav पर जा सकते हैं, और वेब पोर्टल पर पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर ऑनलाइन बुकिंग उपलब्ध है। अधिक जानकारी के लिए, आप IRCTC से 8287931886 पर संपर्क कर सकते हैं।

## कनाडा में मसूर की बुआई पूरी, भारत में मसूर में मांग कमजोर : सुरेश भाई ठक्कर

तरुणमित्र / ब्यूरो



**ठाणे**। कनफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के उपाध्यक्ष एवं ठाणे जिला होलसेल व्यापारी वेलफेयर महासंघ के अध्यक्ष सुरेश भाई ठक्कर ने कहा कनाडा के दोनों शीर्ष उत्पादक प्रांतों- सस्कैचवान तथा अल्बर्टा में मसूर की बुआई लगभग समाप्त हो चुकी है और कुछ क्षेत्रों में हाल में हुई वर्षा से नवजात फसल को फायदा हुआ है। लेकिन कुछ अन्य इलाकों में सूखे का संकट अभी बरकरार है और वहां अच्छी बारिश की सख्त आवश्यकता महसूस की जा रही है। बारिश नहीं या लेट से होने पर पैदावार प्रभावित हो सकती है। लाल मसूर का निर्यात उछलकर 2020-21 सीजन के बाद सबसे ऊंचे स्तर पर पहुंच जाने की संभावना व्यक्त की जा रही है। क्योंकि ऑस्ट्रेलिया के बाद अब तुर्किये में भी इसका उत्पादन कम होने के संकेत मिल रहे हैं। इससे वैश्विक बाजर में मसूर की आपूर्ति एवं उपलब्धता की स्थिति जटिल रहने की आशंका है जिससे कीमतों में तेजी आ सकती। इसी तरह हरी मसूर का निर्यात भी बढ़कर 7.75 लाख टन पर पहुंचने का अनुमान लगाया जा रहा है जो पिछले अनेक वर्षों का उच्चतम स्तर होगा। लेकिन कनाडा में उत्पादन ज्यादा होने और अमरीका तथा काला सागर क्षेत्र के देशों से प्रतिस्पर्धा बढ़ने के कारण हरी मसूर की कीमतों पर दबाव पड़ने की संभावना है। फिलहाल कनाडा की मंडियों में मसूर में अत्यन्त सीमित कारोबार हो रहा है और बड़े-बड़े उत्पादकों की ओर से भी माल की सीमित मात्रा की आपूर्ति की जा रही है। बल्क रूप में निर्यात का मूवमेंट धीमा पड़ गया जो अक्सर इस समय हो जाता है। फसल की बिजाई के बाद उत्पादक अब अपना माल उतारने का प्रयास कर सकते हैं। यदि आयातकों की मांग मजबूत नहीं रही तो मसूर के दाम में नरमी का माहौल बन सकता है। हरी मसूर की कीमतों में मंदी का रुख देखा जा रहा है क्योंकि वैश्विक बाजार में इसकी आपूर्ति एवं उपलब्धता की स्थिति सुगम बनी हुई है। कनाडा में अगस्त- सितम्बर में मसूर के नए माल की आवक शुरू हो जाएगी और खरीदारों का ध्यान उस पर केन्द्रित हो गया है। इसलिए मौजूदा स्टॉक के लिए ज्यादा कारोबार नहीं हो रहा है। भारत में मसूर के आयात की मांग कमजोर है। लाल मसूर का भाव कुछ हद तक स्थिर बना हुआ है और आगामी समय के दौरान इसमें कुछ मजबूती आ सकती है। ऑस्ट्रेलियाई फसल पर भी नजर रखी जा रही है।

## भारत सेवा संस्थान द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर में लिया दर्जनों युवक-युवतियों ने हिस्सा

तरुणमित्र / ब्यूरो



**अमेठी** : भारत सेवा संस्थान द्वारा जामो स्थिति सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर रक्तदान शिविर का भव्य आयोजन प्रदेश अध्यक्ष कृष्ण कुमार पांडे के नेतृत्व में किया गया जिसमे जन सामान्य लोगों के साथ साथ दर्जनों युवक युतियों ने भी हिस्सा लिया। प्रदेश अध्यक्ष ने मीडिया से बातचीत करते हुए बताया कि रक्तदान करने वालों में वेद प्रकाश द्विवेदी आशीष मिश्रा मोहम्मद कैफ संदीप पांडे दीपक पाठक हिमांशु ओझा रविंद्र प्रताप सिंह चंद्रमणि प्रकाश आलोक मिश्रा पवन पांडे अनूप पांडे अभी पंडित देवेंद्र प्रताप सिंह विनोद अग्रहरि गौरव सिंह जिला जीत पांडे अनुराग सिंह आलोक सिंह मोहम्मद समीर अस खान जीशान खान शिवम मोहम्मद अमजद अनामिका तिवारी मिथिलेश ओझा अमरेश शर्मा आदि युवक युतियों ने हिस्सा लिया। प्रदेश अध्यक्ष कृष्ण कुमार पांडे ने बताया कि भारत सेवा संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष जितेन्द्र पांडेय के निर्देश पर उत्तर प्रदेश के अलग अलग क्षेत्रों में रक्तदान शिविर लगाया जा रहा है।भारत सेवा संस्थान द्वारा इसी तरह के अन्य कार्यक्रमों के आयोजन किए जा रहे हैं जिसमें महिला सशक्तिकरण पर आधारित कार्यक्रम भी शामिल है।

## रिलेशनशिप टूटने के बाद रेप केस गलत है, इससे आरोपी की छवि खराब होती है न्याय व्यवस्था पर भी बोझ पड़ता है सुप्रीम कोर्ट

तरुणमित्र / पिंकी राजगुरु




**पुणे** : सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस हेमंत गुप्ता और जस्टिस विक्रम सेठ की बेंच ने कहा कि अगर महिला और पुरुष लगातार संबंध में हैं और बाद में संबंध काम न कर रहा हो तो आईपीसी की धारा-376 (2)(एन) के तहत रिपीट रेप केस का यह आधार नहीं हो सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यह तथ्य सबके सामने है कि शिकायती महिला उक्त पुरुष के साथ लगातार संबंध में रही थी और यह संबंध चार साल तक कायम रहे थे। जब उसने पुरुष के साथ संबंध शुरू किया तो वह 21 साल की थी और तब से वह लगातार चार साल संबंध में रही है। अब वह संबंध कायम नहीं रहा तो यह रेप का ग्राउंड नहीं बनेगा।जस्टिस बीवी नागरत्ना और सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने कहा कि लगाए गए आरोपों को भले ही सही माना जाए, लेकिन रिकार्ड से ऐसा नहीं लगता कि शिकायतकर्ता की सहमति केवल शादी करने के आश्वासन पर ली गई थीपीठ ने कहा कि हमारे विचार से यह ऐसा मामला भी नहीं है जहां शुरू में शादी करने का झूठा वादा किया गया हो। सहमति से बने रिश्ते में खटास आना या पार्टनर का दूर होना आपराधिक कार्रवाई का आधार नहीं हो सकता।सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि सहमति से बने रिश्ते में खटास आने या पार्टनर का दूर होना आपराधिक कार्रवाई का आधार नहीं हो सकता। अदालत ने महाराष्ट्र में एक व्यक्ति के खिलाफ दुष्कर्म के आरोप को खारिज करते हुए यह टिप्पणी की। जस्टिस नागरत्ना और जस्टिस शर्मा की पीठ ने कहा कि शिकायतकर्ता की सहमति केवल शादी के वादे पर नहीं ली गई थी।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि सहमति से बने रिश्ते में खटास आना या पार्टनर का दूर होना आपराधिक कार्रवाई का आधार नहीं हो सकता। इस तरह के आचरण अदालतों पर बोझ डालते हैं। इससे आरोपित की पहचान को भी धूमिल होती है। सुप्रीम कोर्ट ने महाराष्ट्र में 2023 में एक व्यक्ति के खिलाफ शादी का झूठा आश्वासन देकर महिला से दुष्कर्म करने के मामले को खारिज करते हुए यह टिप्पणी की।

## पालघर : कांग्रेस कमेटी ने मनाई राजमाता की 'त्रिशाताब्दी जयंती'

तरुणमित्र-ओमप्रकाश द्विवेदी



पालघर। पुण्यश्लोक,राजमाता अहिल्याबाई होलकर की 'त्रिशाताब्दी जयंती उत्सव' को पालघर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा जिला मुख्यालय स्थित कचहरी रोड कांग्रेस भवन में शनिवार,31 मई को दोपहर कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष प्रफुल्ल पाटील की अध्यक्षता में मनाई गयी। ज्ञातव्य रहे कि महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी के राज्याध्यक्ष हर्षवर्धन सपकाल के निर्देशानुसार पूरे प्रदेश में कांग्रेसियों द्वारा राजमाता की 'त्रिशाताब्दी जयंती उत्सव' को धूमधाम से मनाया जा रहा है। त्रिशाताब्दी जयंती उत्सव' पर सर्वप्रथम कांग्रेस भवन में आयोजित कार्यक्रम के दौरान राजमाता पुण्यश्लोक अहिल्याबाई होलकर की के चित्र पर सभी कांग्रेसी जनों ने बारी-बारी से पुष्पाहार,पुष्पांजलि भेंटकर श्रद्धासुमन अर्पित किया। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रफुल्ल पाटील ने संक्षिप्त शब्दों में राजमाता के जीवनकाल पर प्रकाश डालते उन्हें त्याग,न्याय और धर्म के साथ मानवता की प्रतिमूर्ति दृढ़ साहसी बताया। इस अवसर पर कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ पदाधिकारी एड.सुधीर जैन,संगीता धोंडे सिकंदर शेख, सुरेंद्र शेट्टी, रामप्रकाश निराला, एड. मनोज दांडेकर, प्रह्लाद सावंत, एकनाथ वेखंडे, रोशन पाटील,किरण अप्पा पाटील, आशाद चुनावाला,मनोहर दांडेकर, सर्मथ मल्हारी और शेलाप्रसाद समेत बड़ी संख्या कांग्रेस के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## धूमधाम से सम्पन्न हुआ हिंदी पत्रकारिता दिवस समारोह

तरुणमित्र / ब्यूरो

**मुंबई** : 'मुंबई हिंदी पत्रकार संघ' की ओर से धूमधाम से हिंदी पत्रकारिता दिवस का आयोजन किया गया।इस समारोह में हिंदीसेवी सम्मान समारोह का भी आयोजन किया गया था। कार्यक्रम बांद्रा पूर्व स्थित उत्तर भारतीय संघ सभागृह में संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में विविध क्षेत्रों में कार्यरत हिंदीसेवियों का सम्मान किया गया। वरिष्ठ पत्रकार विमल मिश्र, उद्योगपति-समाजसेवी ज्ञानप्रकाश सिंह, नागपुर स्थित आयुर्वेद महाविद्यालय के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर ब्रजेश मिश्र, पत्रकार-फिल्मकार यतेंद्र सिंह यादव और आजतक के प्रबंध संपादक साहिल जोशी को सम्मानित किया गया। सभी हिंदीसेवियों का सम्मान सूचना-प्रौद्योगिकी व सांस्कृतिक मंत्री श्री आशीष शेलार और परिवहन मंत्री श्री प्रताप सरनाईक के हाथों किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता आईआईएमसी के पूर्व महानिदेशक प्रो. संजय द्विवेदी सहित पूर्व मंत्री चंद्रकांत त्रिपाठी, विधायक राजहंस सिंह सिद्धिविनायक मंदिर ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष आचार्य पवन त्रिपाठी, विधायक संजय उपाध्याय और विधायक मुरजी पटेल उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत प्रसिद्ध गायक सूर्या दुबे द्वारा सरस्वती वंदना से हुई। 'मुंबई हिंदी पत्रकार संघ' के अध्यक्ष श्री आदित्य दुबे ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। प्रस्तावना महासचिव श्री विजय सिंह कौशिक ने रखी। संघ के पदाधिकारी सर्वश्री राजकुमार सिंह, हरिगोविंद विश्वकर्मा, सुरेंद्र मिश्र, अखिलेश मिश्रा, अखिलेश तिवारी, अशोक शुक्ल का कार्यक्रम की सफलता में सराहनीय योगदान रहा। कार्यक्रम में सर्वश्री अनिल गलगली (आरटीआई एक्टिविस्ट), भाजपा नेता उदयप्रताप सिंह, आनंद मिश्र, सुनील सिंह, पुष्पराज मिश्र, शैलेश तिवारी, सुजीत गुप्ता, सूरज पांडेय, धर्मेन्द्र पांडेय, एडवोकेट संदीप शुक्ल, मनीषा गुरव, अलका तुलसे, राकेश निर्मोही, रविंद्र मिश्र, अनिल पांडेय, अर्जुन कांबले, राजकिशोर तिवारी व वीरेंद्र मिश्र सहित कई पत्रकार साथी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन अभय मिश्रा ने किया।

## भिवंडी के स्व. इंदिरा गांधी स्मृति रुग्णालय में जागरूकता के साथ मनाया विश्व तंबाकू निषेध दिवस

तरुणामित्र / ब्यूरो




**भिवंडी** : 31 मई को पूरे देशभर में विश्व तंबाकू निषेध दिवस मनाया गया। इसी उपलक्ष्य में भिवंडी स्थित स्व. इंदिरा गांधी स्मृति शासकीय उपजिला रुग्णालय में मुख्य वैद्यकीय अधीक्षिका डॉ. (सौ.) माधवी पंदारे के मार्गदर्शन में जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर यह दिवस मनाया गया। इस अवसर पर दंत चिकित्सक डॉ. जिनल रोकड़े, वैद्यकीय अधिकारी डॉ. मनोज मेडकर, सहायक अधिसेविका हेमलता जाधव, सभी परिचारिकाएं, अस्पताल के अधिकारी-कर्मचारी और बड़ी संख्या में आए मरीज उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान विश्व तंबाकू निषेध दिवस के उपलक्ष्य में प्रभातफेरी निकाली गई, बीड़ी-सिगरेट के पैकेटों का प्रतीकात्मक दहन किया गया, तंबाकू मुक्त जीवन के लिए समुपदेशन (काउंसलिंग) दी गई और सभी ने राष्ट्रीय तंबाकू निषेध शपथ भी ली। इसके अलावा शहर के म्हाडा कॉलोनी में कैंसर जांच वैन के माध्यम से एक विशेष शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें अनेक नागरिकों की कैंसर स्क्रीनिंग की गई। यह कार्यक्रम तंबाकू से होनेवाले दुष्परिणामों के प्रति समाज में जागरूकता फैलाने हेतु प्रभावशाली रूप से संपन्न हुआ।

# मार्च 2026 तक पीली मटर की शुल्क मुक्त आयात की मियाद बढ़ी

तरुणमित्र / ब्यूरो



**ठाणे**। कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय मंत्री एवं अखिल भारतीय खाद्य तेल व्यापारी महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष शंकर ठक्कर ने बताया भारत सरकार ने शुक्रवार देर शाम को एक अधिसूचना जारी कर मटर के शुल्क मुक्त आयात को 31 मार्च 2026 तक बढ़ा दिया है। इस फैसले का अधिकतर संगठनो ने स्वागत किया है तो कुछ संगठनों ने इस फैसले पर नाराजगी भी जताई है। यह अहम फैसल से सरकार मटर एवं अन्य दलहन की कीमतों में वृद्धि नहीं करने के लिए सतर्क और दृढ़ प्रतीत होती है। सरकार ने जनता को किफायती दामों पर दलहन प्रदान करने के लिए 31 मार्च, 2026 तक पीले मटर के शुल्क मुक्त आयात को बढ़ा दिया है। हालांकि,कुछ संगठनों ने केंद्र सरकार के कृषि, वाणिज्य, उपभोक्ता और वित्त मंत्रालयों और पीएमओ कार्यालय में चिट्ठी भेज कर एवं मीडिया के माध्यम से इसकी मियाद न बढ़ाने एवं आयात शुल्क बढ़ाने के लिए मजबूत प्रतिनिधित्व किया था। लेकिन यह फैसले के माध्यम से घरेलू और विदेशी कंपनियों को सरकार ने स्पष्ट संकेत दिया है कि वे दबाव में निर्णय नहीं लेंगी। उल्लेखनीय है कि पिछले वर्ष अल नीनो के प्रभाव में देश में अरहर, चना, मूंग, उड़द और दाल के उत्पादन में उल्लेखनीय कमी हुई थी जिसके चलते दामों में काफी वृद्धि हुई थी और यूरोपीय संघ, रूस, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया और अफ्रीका के 54 देशों से 75 लाख टन से अधिक दलहन का आयात करना पड़ा था। पिछले साल किसानों के हितों की रक्षा के लिए मूंग के आयात पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया था, जबकि मार्च में चना और दाल पर 11 प्रतिशत शुल्क के साथ आयात करने की अनुमति दी गई थी। हालांकि, इससे पहले बड़ी बहुराष्ट्रीय कंपनियों ने कांडला, मुद्रा, हजीरा, हल्दिया (कोलकाता) और नवी मुंबई बंदरगाहों पर लाखों टन चने और मटर का आयात किया था, जिसके कारण सभी प्रकार के दलहनों की कीमत गिर गई थी। इसलिए व्यापार और उद्योग में अफवाहें फैली हुई थीं की सरकार अधिसूचना कि मियाद समाप्त होने पर आयात शुल्क में बड़ी वृद्धि करेगी। लेकिन बाजार को आश्चर्य हुआ जब सरकार ने मटर के शुल्क मुक्त आयात को 31 मई तक बढ़ा दिया, जिसे कल फिर से मार्च 2026 तक बढ़ा दिया गया था। सरकार ने यह निर्णय लिया होगा क्योंकि उसने देखा कि कई निजी खिलाड़ी चने का स्टॉक नहीं रख रहे थे क्योंकि सरकार अपने पोर्टल पर आंकड़ों की बारीकी से निगरानी कर रही थी। शंकर ठक्कर ने आगे कहा सरकार को अभी लंबा सफर तय करना है आने वाले दिनों में कुछ राज्यों के चुनाव भी है और इसको देखते हुए दामों पर नियंत्रण रखना आवश्यक होता है। भारत सरकार को भी यूरोपीय संघ और रूस की तर्ज पर व्यापारियों और आयात- निर्यात संगठनों और किसान संघों के प्रतिनिधियों के साथ-साथ कृषि और वाणिज्य मंत्रालयों की एक समन्वय समिति बनाकर आवधिक आयात-निर्यात नीतियां बनाई जानी चाहिए ताकि भविष्य में विभिन्न देशों से दलहन का अत्यधिक मात्रा में आयात न हो और भारत डंपिंग ग्राउंड न बन जाए और भारत के किसानों एवं उपभोक्ताओं को परेशानियां न उठानी पड़े।

## (सार्वजनिक सूचना)

यह सभी संबंधित लोगों को सूचित किया जाता है कि पटेल हॉस्पिटल, पनवेल द्वारा सभी इनडोर पेशेंट विभाग के पेपर (आईपीडी) या मेडिकल रेकॉर्ड 1 एप्रिल 2019 से 31 मार्च 2022 तक के पूर्व रेकॉड्र्स के सभी पेपरस को, सरकार के प्रचलित नियमों के अनुसार नष्ट किया जाएगा। यदि कोई मरीज या उनके अधिकृत प्रतिनिधि इन रेकॉड्र्स की प्रतिलिपि प्राप्त करना चाहते हैं, तो उन्हें इस सूचना की तारीख से 30 दिनों के भीतर अस्पताल को औपचारिक अनुरोध प्रस्तुत करना आवश्यक होगा. इस अवधि के बाद कोई भी अनुरोध स्वीकार नहीं किया जाएगा।

किसी भी प्रकार की जानकारी या सहायता के लिए कृपया कार्य समय के दौरान अस्पताल प्रशासन से संपर्क करें।

**जारीकर्ता:**
**अस्पताल प्रशासन**
**पटेल हॉस्पिटल, पनवेल**
**8767302801**
**Email:-patelhospital@gmail.com**
**दिनांक :-01/06/2025**

# महिला सशक्तिकरण का नया अध्याय लिख रहा है मध्य प्रदेश

के.के.जोशी

मध्य प्रदेश देश के हृदय स्थल में बसा एक ऐसा राज्य है जिसने महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में आज पूरे देश में नई मिसाल कायम कर रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के कुशल नेतृत्व में मध्य प्रदेश सरकार ने स्व-सहायता समूहों को महिला सशक्तिकरण का एक सशक्त माध्यम बनाया है। स्व-सहायता समूह न केवल ग्रामीण और शहरी महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बना रहे हैं, बल्कि सामाजिक स्तर पर भी उनकी स्थिति को सुदृढ़ कर रहे हैं। पिछले कुछ समय में मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में महिला सशक्तिकरण की दिशा में मध्यप्रदेश ने कई उपलब्धियों को हासिल किया है। सरकार की अनेक नीतियां और योजनाएं महिलाओं के उत्थान में सहायक सिद्ध हो रही हैं।

मध्य प्रदेश में स्व-सहायता समूहों को ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ माना जा रहा है। वर्तमान में, राज्य में 5 लाख से अधिक स्व-सहायता समूह सक्रिय हैं, जिनमें लगभग 62 लाख महिलाएं जुड़ी हैं। ये समूह महिलाओं को आर्थिक स्वतंत्रता, कौशल विकास, और सामुदायिक नेतृत्व के अवसर प्रदान कर रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव का मानना है कि स्व-सहायता समूह न केवल आर्थिक सशक्तिकरण का साधन हैं, बल्कि सामाजिक बदलाव का भी एक जन-आंदोलन है। मध्यप्रदेश सरकार ने स्व-सहायता समूहों के माध्यम से महिलाओं के लिए कई महत्वाकांक्षी योजनाएं शुरू की हैं जिनका प्रभाव राज्य के हर कोने में महसूस किया जा सकता है। मुख्यमंत्री उद्यम शक्ति योजना ने हजारों महिला समूहों को कम ब्याज पर ऋण दिलाकर उनके छोटे-छोटे व्यवसायों को सहारा दिया है। अब महिलाएं न सिर्फ घर चला रही हैं, बल्कि दूसरों को भी रोजगार दे रही हैं। अब तक 30 हजार 264 महिला समूहों और 12 हजार 685 महिला उद्यमियों को 2 प्रतिशत ब्याज अनुदान के रूप में 648.67 लाख की राशि वितरित की जा चुकी है।

लाड़ली बहना योजना के तहत हर महीने 1.27 करोड़ बहनों के खाते में 1551.86 करोड़ रूपये की आर्थिक सहायता उनके खातों में पहुंच रही है। इससे न केवल आर्थिक रूप से महिलाओं की स्थिति बेहतर हो रही है बल्कि महिलाएं डिजिटल युग की सहभागी भी बन रही हैं। इस योजना में 1.27 करोड़ महिलाओं को अब तक 35,329 करोड़ रुपये से अधिक की राशि प्रदान की गई है। इसके अतिरिक्त, 25 लाख महिलाओं को 450 रुपये में गैस सिलेंडर रीफिलिंग के लिए 882 करोड़ रुपये से अधिक की सहायता दी गई है। यह योजना महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के साथ-साथ उनके परिवारों में बचत को प्रोत्साहित कर रही है।

मुख्यमंत्री लाड़ली लक्ष्मी योजना में वर्ष 2024-25 में 2 लाख 73 हजार 605 बालिकाओं का पंजीकरण हुआ और लगभग 223 करोड़ रूपये से अधिक की छात्रवृत्ति यूनि-पे के जरिए वितरित की गई। अब तक कुल 50 लाख 41 हजार 810 बेटियां इस योजना का हिस्सा हैं। वहीं, राज्य सरकार द्वारा नारी शक्ति मिशन के तहत जिला, परियोजना और ग्राम स्तर पर 100 दिवसीय जागरूकता "हम होंगे कामयाब अभियान" चलाया गया। इसमें प्रदेश में जेंडर संवादों, घरेलू हिंसा, बाल विवाह, सायबर सुरक्षा, कार्यस्थल पर उत्पीड़न और डिजिटल साक्षरता कार्यक्रमों की महिलाओं को न केवल जानकारी दी गई, बल्कि उन्हें अपने अधिकारों के लिए खड़ा होना भी सिखाया गया।

मध्यप्रदेश सरकार ने स्व-सहायता समूहों के माध्यम से 1 लाख से अधिक




महिलाओं को 'लखपति दीदी' बनाया है। सरकार का लक्ष्य 5 लाख स्व-सहायता समूहों के माध्यम से 62 लाख महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना है। यह पहल ग्रामीण महिलाओं को उद्यमिता और आर्थिक स्वावलंबन की दिशा में प्रेरित कर रही है। इसके अलावा मध्यप्रदेश में 850 से अधिक एमएसएमई इकाइयों को 275 करोड़ रुपये की सहायता प्रदान की गई है, जिससे महिला उद्यमियों को प्रोत्साहन मिला है। इसके अलावा, रेडीमेड गारमेंट उद्योग में कार्यरत महिलाओं को प्रति माह 5,000 रुपये की प्रोत्साहन राशि दी जा रही है, जिससे उनकी मासिक आय में बढ़ोत्तरी हो रही है।

यहां बात यदि नारी सुरक्षा की हो तो राज्य सरकार ने नारी सुरक्षा को अपनी प्राथमिकता में रखा है। पुलिस बल में महिलाओं की संख्या बढ़ाई गई है और महिलाओं के खिलाफ अपराधों के मामले में सख्त सजा का प्रावधान किया गया है। 'महिला हेल्पलाइन' और 'महिला पुलिस स्टेशन' जैसी सेवाओं को भी मजबूत किया गया है। महिला हेल्पलाइन 181 और चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 को अब 112 आपात सेवा से जोड़ा गया है। वर्ष 2024-25 में लगभग 82 हजार 552 महिलाओं को त्वरित सहायता मिली है। योजना के प्रारंभ से अब तक एक लाख 57 हजार महिलाओं को लाभ मिल चुका है। कहना होगा कि एक मिशन प्रदेश में लोकमाता अहिल्या बाई होल्कर की 300वीं जयंती के अवसर पर शुरू किया गया। यह मिशन महिलाओं को आर्थिक और सामाजिक रूप से सशक्त बनाने के लिए समर्पित है।

इस मिशन के तहत स्व-सहायता समूहों को स्टार्ट-अप अभियान से जोड़ा गया, जिसमें 8 करोड़ 10 लाख रुपये के निवेश पत्र वितरित किए गए। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राज्य में महिलाओं के लिए न केवल सशक्तिकरण के अवसर पैदा किए गए हैं, बल्कि अब महिलाएं पारंपरिक घरेलू कार्यों से बाहर निकलकर विभिन्न क्षेत्रों में सक्रिय रूप से भाग ले रही हैं। आज सैनिटेशन और हाइजीन योजना के तहत प्रदेश की 19 लाख से अधिक बालिकाओं को 57 करोड़ 18 लाख रुपये की सहायता प्रदान की गई है जिससे किशोरियों के स्वास्थ्य और स्वच्छता को बढ़ावा मिला है। यूनिसेफ ने भी मध्यप्रदेश के इन प्रयासों की सराहना की है।

स्व-सहायता समूहों के माध्यम से मध्यप्रदेश में महिलाओं की आर्थिक और सामाजिक स्थिति में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। इन समूहों ने न केवल महिलाओं को आर्थिक स्वतंत्रता प्रदान की है, बल्कि सामाजिक स्तर पर भी उनके आत्मविश्वास को बढ़ाया है। उदाहरण के लिए, स्व-सहायता समूहों से जुड़ी महिलाएं अब स्थानीय स्तर पर उत्पादक संगठनों के माध्यम से रोजगार और स्वरोजगार के अवसर सृजित कर रही हैं। महिलाओं के लिए 35% सरकारी नौकरियों में आरक्षण और निकाय चुनावों में 50% आरक्षण जैसे कदमों ने उनकी भागीदारी को और बढ़ाया है। इसके अतिरिक्त, जेंडर बजट में 19,021 करोड़ रुपये की वृद्धि और महिला सशक्तिकरण के लिए 1 लाख 21 हजार करोड़ रुपये का प्रावधान इस दिशा में सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने लोकमाता अहिल्या बाई होल्कर के जीवन और कार्यों से प्रेरणा लेते हुए महिला सशक्तिकरण को नया आयाम दिया है। अहिल्या बाई ने महेश्वर से शासन चलाते हुए महिलाओं को साड़ी बुनाई जैसे कौशलों से जोड़ा, जिससे महेश्वरी साड़ियां विश्व प्रसिद्ध हुईं। इसी तरह, डॉ. यादव ने स्व-सहायता समूहों को उद्यमिता और कौशल विकास से जोड़कर महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने का संकल्प लिया है। यह प्रयास मध्यप्रदेश को नारी सशक्तिकरण के क्षेत्र में देश का अग्रणी राज्य बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है जिससे कृषि, उद्योग, शिक्षा, चिकित्सा और राजनीति जैसे क्षेत्रों में महिलाओं की सहभागिता बढ़ रही है।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का कहना है कि नारी शक्ति मिशन के तहत हर जिले की महिलाओं को सशक्तिकरण की मुख्यधारा से जोड़ा जाएगा। उनका मानना है कि यदि नारी सशक्त होगी, तो समाज और प्रदेश स्वतः सशक्त होगा। सरकार का लक्ष्य 2047 तक मध्यप्रदेश को विकसित भारत के साथ एक समृद्ध और आत्मनिर्भर राज्य बनाना है, जिसमें महिलाओं की भूमिका महत्वपूर्ण होगी। उनका मानना है कि समाज में महिलाओं को समान अवसर देना न केवल उनके विकास के लिए आवश्यक है, बल्कि समाज के समग्र विकास के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण है।उनका कहना है कि नारी शक्ति मिशन हमारे इस दृष्टिकोण का विस्तार है जिसमें हर जिले से महिलाओं को जोड़ा जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश स्व-सहायता समूहों के माध्यम से महिला सशक्तिकरण का एक नया अध्याय लिखा जा रहा है। एक तरफ आज जहाँ ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाएं स्व-सहायता समूहों के माध्यम से आर्थिक रूप से सशक्त हो रही हैं वहीं लाड़ली बहना योजना, लखपति दीदी योजना और नारी शक्ति मिशन जैसी अनेकों महिला केन्द्रित योजनाओं के माध्यम से मध्य प्रदेश की महिलाएं आर्थिक और सामाजिक रूप से सशक्त हो रही हैं। स्व-सहायता समूहों ने न केवल प्रदेश की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत किया है, बल्कि महिलाओं को समाज में सम्मान और स्वावलंबन की नई पहचान दी है।

**(लेखक, जनसंपर्क विभाग में उप संचालक हैं।)**

# पक्षी विलुप्त नहीं हुए, गांव में जाकर देखिए



प्रियंका सौरभ

शहर की चमचमाती सड़कों, ऊंची इमारतों और बंद खिड़कियों के पीछे जब हम जीवन को व्यस्तताओं की कैद में जी रहे होते हैं, तब कहीं दूर गांवों की बालकनी में जीवन अब भी खुले आकाश के नीचे सांस ले रहा होता है। वहां सुबहें अब भी चिड़ियों की चहचहाहट से शुरू होती हैं, दोपहरें कोयल की तान से सजी होती हैं, और रातें उल्लुओं की टेर में गूंजती हैं। यह एक गांव की बालकनी में बैठकर महसूस किया गया जीवन है। हाल ही में गांव जाना हुआ तो एक शाम अपनी बालकनी में बैठी थी- अचानक एक चिड़िया ने ध्यान खींचा। वो जानी-पहचानी सी लगी। भूरे और सफेद रंग की, फुर्तीली और बेहद चंचल। उसे देखते ही जैसे मन के किसी कोने से आवाज आई-"धौरईया!" हां, यही तो कहते थे हम बच्चे जब नानी के घर आया करते थे। गर्मियों की छुट्टियों में जब पूरा कुनबा गांव में इकट्ठा होता तो आंगन में बैठकर हम सब बच्चे इन्हीं चिड़ियों के पीछे भागते। उन्हें दाना डालते और उनके नामों पर बहस करते। "ये गौरैया नहीं, धौरईया है," मेरा चचेरा भाई अकड़कर कहता।

शहर में रहते हुए पक्षियों की पहचान ही सीमित हो जाती है। कौआ, कबूतर, तोते और कभी-कभार गौरैया- बस यही दिखाई देते हैं। लेकिन यहां गांव में जैसे किसी भूली-बिसरी किताब के पन्ने फिर से खुल गए हों। मेरी बालकनी के सामने ही एक पेड़ है, जिस पर सुबह-सुबह मैना और बुलबुल आती हैं। दूर खेतों में मोर नाचते हैं और उनकी कूक जैसे किसी पारंपरिक संगीत का हिस्सा हो। नीलकंठ की एक झलक भी दिखती है और वो नीला रंग आंखों को ताजगी देता है। टिटहरी की टिट-टिट, जलमुर्गी की फुर्ती, कोयल की कुहू-कुहू, और तीतर की दौड़-ये सब मिलकर एक ऐसी सजीव दुनिया रचते हैं जिसे शहरों में हमने कभी ठीक से जाना ही नहीं। शहरों की भीड़ में रहते हुए हम जैसे संवेदना शून्य होते चले जाते हैं। वहां सुबह मोबाइल अलार्म से होती है, यहां मुर्गे की बांग से। वहां हवा एसी की होती है, यहां आम के पेड़ की। वहां आसमान धुंध से भरा होता है, यहां पक्षियों की उड़ान से।

रात के सन्नाटे में जब गांव में दो उल्लू नियमित रूप से आकर एक पुराने नीम के पेड़ पर बैठते हैं, तो एक अलग ही एहसास होता है। शहर में उल्लू शब्द एक अपमान या अंधविश्वास से जुड़ा होता है, लेकिन यहां वो जैसे रात के शिक्षक हों-प्रकृति का संतुलन बनाए रखने वाले मौन प्रहरी। जब मैंने अपनी नानी से पूछा कि इस चिड़िया को धौरईया ही कहते थे न, तो उन्होंने मुस्कुराते हुए सिर हिलाया, "हां बिटिया, यही तो है। अब ये शहरों में कहां दिखती है। तुम लोग ही कहां रहते हो वहां, जो देख पाओगे।" इस बात ने भीतर तक झकझोर दिया। क्या सचमुच ये पक्षी विलुप्त हो रहे हैं, या हम ही उन जगहों से विलुप्त हो गए हैं जहां जीवन और प्रकृति एकसाथ सांस लेते हैं?

गांव की यह बालकनी एक खिड़की बन गई थी-केवल बाहर देखने की नहीं, बल्कि अपने भीतर झांकने की। मुझे याद आने लगीं नानी की कहानियां। वो दोपहरें-जब पेड़ की छांव में बैठकर चिड़ियों के घोंसलों को निहारा करते थे। वो मटर के खेत जिनमें तीतर भागते थे, और वो पोखर जहां जलमुर्गियां अपने बच्चों के साथ तैरती थीं। हमारी पीढ़ी ने मोबाइल की स्क्रीन पर बर्ड इमोजी तो देखी, लेकिन उनके असली रंग नहीं। हमने गूगल पर बर्ड कॉल्स सुने, लेकिन कभी खुले आसमान के नीचे बैठकर चिड़ियों की सुबह की सभा नहीं देखी।

गांव आकर यह एहसास हुआ कि जीवन की भागदौड़ में हमने वो सब पीछे छोड़ दिया है, जिसे देखकर हमारी आत्मा मुस्कुराया करती थी। पक्षी केवल उड़ने वाले प्राणी नहीं हैं, वो हमारे अतीत के हिस्से हैं। हमारे लोकगीतों, कहानियों, और भावनाओं में बसे हुए साथी हैं। "कागा सब तन खाइयो, चून-चून खइयो मांस"-कबीर के इस दोहे से लेकर मीराबाई की कोयल और तुलसी की चातक तक, हर पक्षी हमारी संस्कृति का अनिवार्य हिस्सा रहा है। मुझे याद है जब पहली बार शहर आई थी, तो सोचती थी कि वहां की चकाचौंध ही जीवन का लक्ष्य है। लेकिन अब समझ में आता है कि रोशनी जरूरी है पर हर रोशनी सूरज नहीं होती। कुछ रोशनियां ऐसी भी होती हैं जो आंखों को चौंधिया देती हैं, पर मन को अंधेरा कर देती हैं। गांव की इस बालकनी में बैठे-बैठे एक नन्ही सी चिड़िया बार-बार आती है, कुछ पल बैठती है, फिर उड़ जाती है। उसे देखकर लगता है जैसे वो मेरी स्मृतियों में पंख लगा रही हो। हर बार जब वो उड़ती है, एक पुरानी याद हवा में तैर जाती है। हम प्रकृति से जितना दूर होते जा रहे हैं, उतना ही खालीपन हमारे भीतर बढ़ता जा रहा है। मानसिक स्वास्थ्य से लेकर सामाजिक दूरी तक। आधुनिक जीवन के संकटों का एक बहुत बड़ा कारण यह भी है कि हम जमीन से, पेड़ों से, पक्षियों से और अपने मूल से कटते जा रहे हैं। यह लेख एक आग्रह है-खुद से, और आप सबसे भी। गांवों में जाइए, खुली हवा में सांस लीजिए, चिड़ियों की आवाज पहचानिए। बच्चों को उनके नाम सिखाइए और महसूस कीजिए कि जीवन केवल इनसानी शोर में नहीं, चहचहाहट में भी होता है। शहर हमें ऊंचाई देता है, पर गांव गहराई देता है। शहर विकास की दौड़ है, गांव विरासत की गोद। और सबसे जरूरी बात-ये पक्षी विलुप्त नहीं हुए हैं। वे अब भी गा रहे हैं। बस हमने सुनना छोड़ दिया है। आइए, फिर से सुनना शुरू करें। अपनी बाल्कनी से नहीं, अपने मन की खिड़की से।

**(लेखिका, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

## सूडोकु नवताल- 7431

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | | 8 | | | |
| | 7 | | | 3 | 5 | | | |
| 3 | | | | | | 6 | | |
| | | | | | | | 8 | 5 |
| | 6 | | | | | | 1 | |
| 4 | 2 | | | | | | | |
| | | 1 | | | | | | 8 |
| | | | 7 | 4 | | | 3 | |
| | | | 2 | | | 7 | | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -7430 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 7 | 4 | 1 | 3 | 9 | 6 | 2 | 8 |
| 2 | 8 | 9 | 6 | 5 | 7 | 1 | 4 | 3 |
| 3 | 6 | 1 | 2 | 8 | 4 | 5 | 7 | 9 |
| 9 | 3 | 7 | 8 | 1 | 6 | 4 | 5 | 2 |
| 6 | 5 | 8 | 4 | 9 | 2 | 3 | 1 | 7 |
| 1 | 4 | 2 | 5 | 7 | 3 | 8 | 9 | 6 |
| 7 | 9 | 6 | 3 | 4 | 1 | 2 | 8 | 5 |
| 4 | 2 | 5 | 9 | 6 | 8 | 7 | 3 | 1 |
| 8 | 1 | 3 | 7 | 2 | 5 | 9 | 6 | 4 |

## शब्द पहेली - 8494

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | | 4 | | 5 | |
| 6 | | | | | | | 7 | 8 |
| | | 9 | | 10 | | | | |
| 11 | | | | | | 12 | | |
| | | 13 | | 14 | | | | |
| 15 | | | | 16 | | 17 | | 18 |
| | | | 19 | | 20 | | | |
| 21 | 22 | | | | | | 23 | |
| | 24 | | | | 25 | | | |

### बाएँ से दाएँ

1. कलाकार, अदाकार-4
4. फूलों की छोटी माला, वेणी-3
6. पैर, पांव-2
7. अधिकार-2
9. खानाबदोश, बंजारा-4
11. राशन, खाद्य सामग्री-3
12. टेसू के फूल-3
13. कपोल, रुखसार-2
14. विजय-2
15. डोली उठाने वाले-3
17. जल प्रपात-3
18. गठबंधन-4
21. पानी, जल-2
23. नौका-2
24. देह, काया, शरीर-3
25. अगुवा, राह दिखाने वाला-4

### ऊपर से नीचे

1. उपवास का खाना-4
2. झुका हुआ-2
3. व्यवहार-3
4. समयघोष-3
5. मार्ग, पथ-2
8. गागर, घड़ा, घट-3
9. स्मारक-4
10. हत्या, कत्ल-2
12. पत्तों के गिरने का मौसम-4
15. कथा, गाथा-3
16. अष्टम-2
18. नामचीन-4
19. रवाना होना-3
20. विदूषक, मसखरा-3
22. ईश्वर, भगवान-2
23. बटन, स्विच-2

### शब्द पहेली -8493 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | र | ह | म | त | ■ | म | ■ | ■ |
| ■ | ह | ■ | द | ■ | प | न | घ | ट |
| स | ब | ल | ■ | वी | रा | न | ■ | क |
| ■ | र | की | ब | ■ | या | ■ | ना | रा |
| स | ■ | र | ज | त | प | ट | ■ | व |
| र | वि | ■ | ब | ■ | न | ह | र | ■ |
| ह | ■ | म | जा | क | ■ | नी | वा | ला |
| द | फ | ना | ना | ■ | सा | ■ | य | ■ |
| ■ | ■ | ही | ■ | ग | फ | ल | त | ■ |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## आज का पंचांग

2 जून ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष की सप्तमी तिथि सोमवार का दिन है। सप्तमी तिथि आज रात 8 बजकर 36 मिनट तक रहेगी। आज रात 9 बजकर 37 मिनट तक रवि योग रहेगा। साथ ही आज रात 10 बजकर 56 मिनट तक मघा नक्षत्र रहेगा।

## आज का राशिफल




**मेष :** शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। अर्थपक्ष मजबूत रहेगा। शुभांक-3-5-7

**वृष :** अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा। बाहरी सहयोग की अपेक्षा रहेगी। सलाह उपयोगी सिद्घ होगी। विपरीत परीस्थितियों में भी हानि नहीं होगी। आवेश में आना आपके हित में नहीं होगा इसलिए व्यवहार व वाणी पर नियत्रंण रखें। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। शुभांक-5-6-9

**मिथुन :** व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। आलस्य का त्याग करें। कार्यसिद्घि होने में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। परिवार में किसी मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। शुभांक-2-6-8

**कर्क :** समय पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। पुराने मित्र से मिलन होगा। शुभांक-4-6-7

**सिंह :** पैतृक सम्पत्ति से लाभ। मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। परिवारजनों का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। शुभांक-3-5-8

**कन्या :** जीवनसाथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। एकाकी वृत्ति त्यागें। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात् दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। साथ ही आगे के लिए रास्ता भी बन जाएगा। कार्य सफल होंगे। शुभांक-2-5-7

**तुला :** प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। मनोरथ सिद्घि का योग है। सभा-गोष्ठियों में सम्मान मिलेगा। प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच आनन्ददायक दिन रहेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। शुभांक-6-8-9

**वृश्चिक :** स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्घि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्घ होंगे। व्यर्थ की दौड़-भाग से यदि बचा जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। आय के अच्छे योग बनेगें। संतान की उन्नति के योग हैं। शुभांक-5-6-8

**धनु :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढने के अवसर लाभकारी सिद्घ होंगे। कोई प्रिय वस्तु या नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभाओं में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। माता पक्ष से विशेष लाभ। पुराने मित्र से मिलन होगा। आत्मचिंतन करें। शुभांक-4-6-8

**मकर :** लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। कारोबारी काम में बाधा बनी रहेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। शुभांक-3-6-9

**कुंभ :** पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्घिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। मित्र से मिलन होगा। शुभांक-1-5-8

**मीन :** धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। लाभ में आशातीत वृद्घि तय हैं मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। किसी पुराने संकल्प को पुरा कर लेने का दिन हैं। ''आगे-आगे गौरख जागे' वाली कहावत चरितार्थ होगी। निष्ठा से किया गया कार्य पराक्रम व आत्मविश्वास बढ़ाने वाला होगा। इच्छित कार्य सफल होंगे। शुभांक-1-6-9

# किताबें पढ़कर धरमपुर के मामाभांजा गांव की महिला किसानों ने प्राकृतिक खेती का किया श्रीगणेश



## एक हेक्टेयर जमीन पर सफेद मूसली की खेती कर आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनीं और अन्य महिलाओं को भी प्रेरित किया

तरूण मित्र, श्यामजी मिश्रा

**वलसाड जिला।** अथर्ववेद में कहा गया है कि धरती हमारी मां है और हम उसके पुत्र हैं। अथर्ववेद का यह मंत्र माता की महिमा के साथ जोड़कर धरती का गौरव गाते हैं। परंतु अधिक उत्पादन के लालच में आज मनुष्य रासायनिक खाद और कीटनाशकों से धरती मां को नुकसान पहुंचा रहा है। इसीलिए प्राकृतिक खेती को परोपकारी खेती कहा जाता है। वहीं वलसाड जिला का संपूर्ण आदिवासी तालुका के रूप में जाने जाना वाला धरमपुर तालुका के सुदूर गांवों में रहने वाले प्रकृति प्रेमी आदिवासी किसान प्राकृतिक खेती कर अन्य किसानों को प्रेरित कर रहे हैं। जिसमें धरमपुर के मामाभांजा गांव की एक महिला किसान ने प्राकृतिक खेती के तरीकों से सफेद मूसली की खेती कर किसानों को प्रेरित किया है।धरमपुर तालुका के मामा भांजा गाँव में रहने वाली किसान मीराबेन मगनभाई मालधरिया बताती हैं कि उन्होंने धरमपुर तालुका में आयोजित सुभाष पालेकरजी की 7 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला से प्राकृतिक खेती का प्रशिक्षण प्राप्त किया, जिसके बाद उन्होंने प्राकृतिक खेती की किताबें पढ़कर भी पर्याप्त ज्ञान प्राप्त किया। इसके बाद आत्मा परियोजना से विस्तृत समझ और मार्गदर्शन प्राप्त करने के बाद उन्होंने सफेद मूसली की प्राकृतिक खेती शुरू की। पहले, अन्य किसानों की तरह, वे भी रासायनिक खेती करती थीं। जिसमें उर्वरक या कीटनाशक बाहर से लाने पड़ते थे, जिससे खेती की लागत बढ़ जाती थी। उन्हें लगता था कि रासायनिक खाद और कीटनाशकों के कारण उनकी जमीन खराब हो रही है। क्योंकि जुताई करते समय जमीन पूरी तरह से ढीली या भुरभुरी नहीं रहती थी और उत्पादन कम हो रहा था। चूंकि रासायनिक खाद और कीटनाशकों की कीमत हर साल बढ़ रही थी, इसलिए खेती की लागत बढ़ रही थी और लाभ भी कम हो रहा था। परंतु जब उन्होंने प्राकृतिक खेती शुरू की तो खेती का खर्च कम होने लगा और आमदनी बढ़ने लगी। पहले जब वे खेती में रासायनिक खाद व जंतुनाशक दवा का उपयोग करतीं थीं तो आवक 2,20,000 रूपये और लागत 67, 000 रूपये तथा 1,53,000 रुपये का लाभ हुआ। परंतु जब से उन्होंने प्राकृतिक खेती के तरीकों से खेती शुरू की है, तो उनकी आय 1,90,000 रुपये और खर्च 24,000 रुपये हो गया है, जबकि लाभ 1,66,000 रुपये हुआ है। अपनी कुल 3 हेक्टेयर जमीन में से एक हेक्टेयर में सफेद मूसली की खेती के बारे में मीराबेन आगे कहती हैं कि जब सफेद मूसली के बीजों को अन्य जड़ी-बूटियों की परत के साथ बोया गया तो सभी बीज अंकुरित हो गए। सफेद मूसली की फसल के लिए खेत तैयार करने के लिए घन जीवामृत का उपयोग करके मिट्टी तैयार की गई और उसमें पानी के साथ जीवामृत डाला गया, ताकि सफेद जड़ अच्छी तरह से जम सके। सफेद मूसली की फसल में पानी के साथ जीवामृत व घनजीवामृत का छिड़काव करने से मिट्टी उपजाऊ, भरपूर और भुरभुरी हो गई थी। सफेद मूसली को रासायनिक खाद की जरूरत नहीं होती और जीवामृत और घन जीवामृत का उपयोग करने से उत्पादन भी बेहतर हुआ। इससे उनकी आमदनी भी बढ़ी। मिट्टी में जीवामृत और घन जीवामृत डालने से केंचुओं को भी काफी पोषक तत्व मिलते हैं, जो जमीन पर पड़े कचरे को जल्दी से खाद बना देते हैं। इस प्रकार धरमपुर के मामाभांजा गांव की प्रगतिशील महिला किसान मीराबेन ने आत्मा परियोजना से प्रशिक्षण प्राप्त करने और प्राकृतिक खेती से संबंधित पुस्तकें पढ़ने के बाद प्राकृतिक खेती की राह पर चल पड़ीं हैं।

# वलसाड में "ऑपरेशन शील्ड" के दूसरे चरण में रात्रि 8 बजे स्वैच्छिक ब्लैकआउट किया गया



तरूण मित्र

**वलसाड जिला।** भारत सरकार के गृह मंत्रालय द्वारा शनिवार को "ऑपरेशन शील्ड" के तहत मॉक ड्रिल के पहले चरण के पूरा होने के बाद, दूसरे चरण में रात्रि 8.00 बजे से 08.30 बजे तक ब्लैकआउट (अंधेरा) किया गया। जिसमें वलसाड नगर पालिका क्षेत्र, तीथल, ननकवाड़ा, भगडावाड़ा और कोसांबा गांवों में नागरिकों द्वारा स्वेच्छा से ब्लैकआउट किया गया। वलसाड में ऑपरेशन शील्ड के दूसरे चरण में ब्लैकआउट के तहत वलसाड जिला आपदा कार्यालय, रेलवे और नगर पालिका के अब्रामा जोन कार्यालय द्वारा रात 8 बजे 2 मिनट के लिए सायरन बजाया गया, जिसकी तीव्रता बढ़ती और घटती रही। इस समय लोगों ने स्वेच्छा से अपने घरों, दफ्तरों और दुकानों की लाइटें बंद कर दीं और स्वतःस्फूर्त ब्लैकआउट में भाग लिया। जिला प्रशासन और नगर पालिका ने भी अपने दफ्तरों और सार्वजनिक सड़कों की स्ट्रीट लाइटें बंद कर दीं और ब्लैकआउट किया। पर्यटकों से गुलजार रहने वाले तीथल बीच पर सभी लारी गल्ला के दुकानदारों ने स्वेच्छा से ब्लैकआउट कर सहयोग किया। रात 8.30 बजे ब्लैकआउट खत्म होने का संकेत देने के लिए फिर से सायरन बजा, जिसके बाद नागरिक अपने काम-धंधे पर सामान्य रूप से चले गए। नागरिकों ने इस ब्लैकआउट में उत्साहपूर्वक भाग लिया। उल्लेखनीय है कि इस ब्लैकआउट का मुख्य उद्देश्य लोगों में जागरूकता फैलाना था, ताकि दुश्मन देश द्वारा हमला किए जाने पर उन्हें पता न चले कि कहां हमला करना है।

# वलसाड जिला के कपराडा में एक नाबालिक का शव फंदे से लटका हुआ मिला, पुलिस जांच में जुटी

तरूण मित्र

**वलसाड जिला।** वलसाड जिला समेत गुजरात में आत्महत्याओं की घटनाएं दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही हैं। अज्ञात कारणों से लोगों के मौत को गले लगाने की घटनाएं हर दिन सामने आ रही हैं। वहीं वलसाड जिला के कपराडा से आत्महत्याओं का एक और मामला सामने आया है। यहां एक नाबालिग का शव फंदे से लटका हुआ मिला। कपराडा में पहले भी ऐसी ही घटना हो चुकी है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार वलसाड के कपराडा में नाबालिगों की मौत का सिलसिला जारी है। तो आज एक और नाबालिग का शव फंदे से लटका हुआ मिला। कपराडा के अस्टोल गांव के बाहरी इलाके में जंगल



में नाबालिग का शव लटका हुआ मिला। नाबालिग के फंदे से लटके पाए जाने पर इलाके में काफी हंगामा हुआ।

जबकि घटना को देखने के लिए लोगों की भीड़ जमा हो गई। पुलिस आगे की जांच कर रही है कपराडा के अस्टोल गांव के आखिरी छोर पर जंगल में नाबालिग का शव मिलने पर लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। घटना की जानकारी मिलने पर नानापोंढ़ा पुलिस मौके पर पहुंची, जिसके बाद उन्होंने शव को कब्जे में लेकर आगे की जांच-पड़ताल शुरू कर दी है। नाबालिग ने आत्महत्या क्यों की, इसका कारण अभी पता नहीं चल पाया है। वहीं 31 मई को कपराडा के वारना गांव में दो नाबालिगों के शव फांसी से लटके हुए मिले थे। महज दो दिन में तीन नाबालिगों की आत्महत्या से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया है।

# पोईसर जिमखाना द्वारा निर्मित 'दिव्यांग गार्डन' का पूर्व सांसद गोपाल शेट्टी ने किया लोकार्पण

तरूण मित्र

मुंबई । पोईसर जिमखाना द्वारा निर्मित किये गए 'दिव्यांग गार्डन' का लोकार्पण उत्तर मुंबई के पूर्व सांसद गोपाल शेट्टी ने रिबिन काटकर किया। नेताजी सुभाषचंद्र बोस क्रीडांगण (पोईसर जिमखाना), महावीर नगर, कांदिवली-पश्चिम में हुए लोकार्पण समारोह के दौरान जनसेवक गोपाल शेट्टी ने वहां उपस्थित नागरिकों को संबोधित किया तथा दिव्यांगों का हौसला बढ़ाते हुए उन्हें समाज की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए प्रयास करने का नागरिकों से आह्वान किया। लोकार्पण समारोह में जनसेवक शेट्टी के साथ भाजपा के जिलाध्यक्ष दीपक उर्फ बाला तावड़े तथा अनेक पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# कुलजीत सिंह नागरा ने 'संविधान बचाओ रैली' को सफल बनाने के लिए कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं का आभार जताया

चीफ ब्यूरो राजिंदर सिंह भट्ट

**फतेहगढ़ साहिब, 1 जून –** अमलोह में आयोजित 'संविधान बचाओ रैली' की शानदार सफलता पर खुशी जाहिर करते हुए पूर्व विधायक कुलजीत सिंह नागरा ने कहा कि यह रैली महज एक आयोजन नहीं, बल्कि लोगों के दिलों की आवाज है। उन्होंने कहा कि इस रैली ने साबित कर दिया है कि पंजाब के लोग अब 2027 में राज्य में कांग्रेस पार्टी की सरकार बनाने के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा कि रैली में हर वर्ग की भागीदारी ने दिखा दिया है कि लोग संवैधानिक मूल्यों की रक्षा और लोकतंत्र की बहाली



के लिए कांग्रेस पार्टी पर भरोसा करते हैं। यह न केवल कांग्रेस कार्यकर्ताओं की जीत है, बल्कि पंजाब के लोगों की जागरूकता और एकता का भी प्रतीक है। स. नागरा ने कहा कि यह स्पष्ट हो गया है कि लोग अब केंद्र सरकार और पंजाब सरकार दोनों से नाराज हैं। रैली में बड़ी संख्या में उपस्थित लोगों ने दिखा दिया कि आम जनता मौजूदा सरकारों की नीतियों, वादाखिलाफी और जनविरोधी फैसलों से परेशान है। नागरा ने कहा कि लोगों में अब कोई भ्रम नहीं रहा, अब वे सच्चाई समझ चुके हैं और अपने हक के लिए आवाज उठा रहे हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा संवैधानिक संस्थाओं को कमजोर करने की कोशिश और पंजाब सरकार द्वारा लोगों के असली मुद्दों पर ध्यान न देना - इन दोनों ने मिलकर आम आदमी का जीना दूभर कर दिया है। स. नागरा ने कहा कि हमें इस जन आवाज को और बुलंद करना है और कांग्रेस के संदेश को हर घर, हर गांव, हर शहर तक पहुंचाना है। 2027 की तैयारियां शुरू हो चुकी हैं और पंजाब के लोग बदलाव का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं और कांग्रेस को एक विकल्प के रूप में देख रहे हैं। इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष खेड़ा ओकार सिंह लाल जी, वरिष्ठ कांग्रेस नेता डॉ. बलराम शर्मा, सरबजीत सिंह रामपुर, वरिष्ठ उपाध्यक्ष लाभ सिंह, रणजीत सिंह सद्दोमाजरा, सरपंच गुरदीप सिंह, जगमीत सिंह, दविंदर कौर भट्ठल, शिंदर सिंह रंधावा, गुरजंत सिंह सलेमपुर, सुरिंदर सिंह लोहाखेड़ी, गुरबिंदर सिंह, सज्जन सिंह, पुष्पिंदर सिंह, सिमरजोत सिंह, मलकीत सिंह मंडोफल, गुरदीप सिंह भैरपुर, मास्टर रविंदर सिंह, गुलज़ार सिंह शाही, बलवीर सिंह, हरमनदीप सिंह, जगविंदर सिंह बैंस, गुरजंट सिंह जल्ला, लाडी बधौची, लखविंदर सिंह लाडी और कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद थे। पूर्व विधायक कुलजीत सिंह नागरा अपने साथियों के साथ बैठक के बाद मीडिया को जानकारी देते हुए।

# बोरिंग कैनाल रोड गोलीबारी के तीसरे आरोपी ने किया सरेंडर

एजेंसी, पटना

पश्चिमी बोरिंग कैनाल रोड के न्यू पुनाइचक में हुई गोलीबारी के तीसरे आरोपी शानू ने पटना सिविल कोर्ट में शनिवार के दिन सरेंडर कर दिया। 24 मई को मामूली कार की टक्कर के विवाद में शानू और उसके दोस्तों ने मोहल्ले के लोगों को टारगेट कर के फायरिंग की थी। ब्लैक कलर की स्कॉर्पियो से विवाद के बाद दोबारा आकर तकरीबन 6 राउंड गोली चलाई थी। घटना में शामिल ब्लैक कलर की स्कॉर्पियो गाड़ी को भी पुलिस ने बरामद कर लिया है।

**शुक्रवार को दो आरोपियों ने किया था सरेंडरः** SDPO साकेत कुमार ने बताया कि तीनों आरोपियों को रिमांड पर लेकर एक साथ बैठाकर पूछताछ होगी। शानू, सब्जीबाग इलाके का रहने वाला

## रिमांड पर लेकर तीनों से एक साथ पूछताछ करेगी पुलिस, ब्लैक स्कॉर्पियो भी बरामद

है। तीनों आरोपी आपस में दोस्त हैं। इससे पहले शुक्रवार को भी दो आरोपियों ने सरेंडर किया था।

रविवार को पुलिस ने एक इंस्पेक्टर के बेटे को हिरासत में लेकर पुलिस ने पूछताछ की थी। इस गोलीबारी में इसकी क्या भूमिका है, पुलिस इस बात का पता लगाने में लगी है। पूरे मामले में लापरवाही बरतने वाले पुलिसकर्मियों पर भी कार्रवाई शुरू हो गई है। अब तक 10 पुलिसकर्मी सस्पेंड किए गए थे। जांच रिपोर्ट का जिम्मा सेंट्रल एसपी स्वीटी सहरावत को सौंपा गया है। रिपोर्ट आने पर और भी पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई हो सकती है।

# विधानसभा चुनाव लड़ सकते हैं केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान

एजेंसी, पटना

लोजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान बिहार विधानसभा चुनाव लड़ सकते हैं। लोजपा रामविलास पार्टी ने इसकी तैयारी शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार चिराग पासवान सुरक्षित सीट के बजाए सामान्य सीट से विधानसभा चुनाव लड़ सकते हैं। सीटों के चयन को लेकर पार्टी मंथन करने में जुटी है। पिछले दिनों लोजपा रामविलास पार्टी के विभिन्न प्रकोष्ठों और मोर्चा की बैठक हुई, जिसमें कई प्रस्ताव पास किए गए, जिनमें सबसे महत्वपूर्ण था कि चिराग पासवान को विधानसभा चुनाव लड़ने का। चिराग पासवान बिहार विधानसभा का चुनाव नीतीश कुमार के अगुआई में लड़ेंगे और NDA की मजबूती के लिए साथ प्रचार करेंगे। जमुई सांसद और चिराग



पासवान के जीजा अरूण भारती ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर कहा कि जब नेता पूरे बिहार का है, तो सीट का दायरा क्यों सीमित हो ? कार्यकर्ताओं की यह भी भावना है कि इस बार चिराग पासवान बिहार विधानसभा के चुनाव में किसी आरक्षित सीट से नहीं, बल्कि एक सामान्य सीट से चुनाव लड़ें। चिराग पासवान अब सिर्फ़ एक समुदाय की नहीं, पूरे बिहार की उम्मीद हैं। चिराग पासवान बिहार विधानसभा चुनाव में पार्टी का चुनावी आगाज शाहबाद में चुनावी रैली के जरिए करने वाले हैं। 8 जून को चिराग पासवान आरा के वीर कुंअर सिंह स्टेडियम में महारैली करने जा रहे हैं, जिसमें बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं के जुटान की तैयारी है। एक तरफ जहां PM मोदी ने शाहबाद आकर चुनावी सभा को संबोधित कर शाहबाद क्षेत्र में पार्टी की कमजोर स्थिति को मजबूत करने की कोशिश की, वहीं चिराग पासवान भी शाहाबाद से ही चुनावी रैली का आगाज करने वाले हैं। पिछले विधानसभा चुनाव में शाहाबाद क्षेत्र में NDA 2 सीटों को छोड़कर सभी सीटें हार गई थी। लोजपा (R) के प्रवक्ता विनीत सिंह ने कहा कि चिराग पासवान ने पहले ही कहा है कि बिहार से उनका खासा जुड़ाव है। वह दिल्ली के बजाए बिहार की राजनीति करना ज्यादा पसंद करेंगे। पार्टी के विभिन्न प्रकोष्ठों द्वारा यह प्रस्ताव पारित हुआ है। पार्टी मंथन कर रही है। आने वाले दिनों में चिराग खुद इसकी घोषणा कर सकते हैं।

# रिटायर्ड कर्मी के घर 20 लाख की डकैती

## पत्नी को गन पॉइंट पर बंधक बनाया,गहने उतरवाए, 6 लाख कैश-14 लाख की ज्वेलरी साथ ले गए

एजेंसी, पटना

पटना के राजीव नगर में शनिवार की रात 2 बजे रिटायर्ड कर्मी के घर में 20 लाख रुपए की डकैती हुई है। बदमाशों ने गन पॉइंट पर परिवार के लोगों को बंधक बनाया। फिर 6 लाख कैश और करीब 14 लाख के ज्वेलरी लेकर भाग निकले। लूटपाट के दौरान बदमाशों ने परिवार को जान से मारने की धमकी भी दी। जिसके बाद परिवार के सदस्य काफी डरे सहमे हैं। फिलहाल पुलिस मौके पर पहुंची है, जांच कर रही है। घटना घुड़दौड़ रोड के अभ्योदय नगर में हुई है। जानकारी के मुताबिक, छह की संख्या में डकैत हॉल की ग्रिल तोड़कर घर में घुसे थे। सभी के हाथों में हथियार था। मकान मालिक रामावतार सिंह(75) और उनकी पत्नी कमला कुमारी(67) को गन पॉइंट पर बंधक बना लिया।



'30 मिनट तक घर के अंदर तांडव मचाया। इसके बाद जान से मारने की धमकी देते हुए करीब 20 लाख की डकैती की वारदात को अंजाम दिया। फिर मौके से फरार हो गए। रामवतार सिंह सिंचाई विभाग में अकाउंटेंट के पद से रिटायर्ड हुए थे। पत्नी कमला कुमारी शिक्षिका थीं। रिटायर्ड सरकारी कर्मी का 2 मंजिला मकान है। एक बेटी श्वेता भारती भोपाल रहती हैं और दूसरी बेटी प्रियंका भारती मलिया बाग बक्सर में रहती है। कमला कुमारी ने बताया, 'मैं और मेरे पति नीचे वाले फ्लोर पर सो रहे थे। बेटा और बहू ऊपर वाले फ्लोर पर सो रहे थे। कब डकैत घुसे पता नहीं चला, लेकिन रात करीब 3 बजे वो यहां से सारा सामान लेने के बाद निकल गए।' 'घर में घुसने के साथ डकैतों ने मुझे और पति के ऊपर पिस्टल तान दिया। कहने लगे तुम्हारे बेटे को छत पर बंधक बनाकर रखे हैं, शोरगुल करोगी तो उसे मार देंगे।' 'इसके बाद मैंने जो गहने पहन थे, उसे उतरवा लिया। फिर कहने लगे, जमीन बेची हो, तुम्हारे पड़ोसी ने बताया है कि 1 करोड़ की जमीन बेची हो, रुपए रखी हो, जल्दी बताओ।' 'मैंने बहुत समझाया कि मेरे पास इतने रुपए नहीं हैं। फिर घर के अंदर रुपए और गहने खोजने लगे। इसी बीच उन्हें साढ़े छह लाख कैश मिल गया। इसके बाद चिल्लाने लगे, मिल गया... मिल गया। सब नकाबपोश थे।' कमला कुमारी के मुताबिक, 'सभी छह बदमाश हाफ पेंट और बनियान पहने थे। उम्र भी लगभग 22 से 24 होगी। एक की उम्र अधिक लग रही थी।' 'वे लोग आपस में दूसरी भाषा में बातचीत कर रहे थे।' 'घटना को अंजाम देने के बाद मेन गेट से सब भाग गए। इसके बेटे ने डायल-112 को कॉल सुबह 3:13 मिनट पर किया, लेकिन बात नहीं हो पाई। फिर इसके बाद 3:16 में कॉल किया। जिसके बाद 3:27 बजे सुबह पुलिस आई।' घटना के बाद पुलिस जांच में जुट गई है। मौके पर डॉग स्क्वॉड की टीम भी पहुंची है। SDPO नीतीश चंद्र धारिया ने बताया, 'रामवतार सिंह एक जमीन (2301 स्क्वायर फीट) लगभग 85 लाख रुपए में बेचे थे। एडवांस के तौर पर 12 लाख रुपए विक्रेता राहुल कुमार और दिलीप कुमार से लिए थे।' 'जिसमें से 6 लाख रुपए अपनी एक बेटी को दे चुके थे। दूसरी बेटी के हिस्से के 6 लाख रुपए देने के लिए रखे थे। इसी रुपए और गहने को लेकर बदमाश भाग गए। छानबीन चल रही है।'

## संक्षिप्त समाचार

### 315 का जुगाड़ करो... पंडित जी को बुक करना है , दरोगा और मुखबिर की बातचीत का ऑडियो वायरल

**अमेठी , एजेंसी।** यूपी के अमेठी में मुसाफिरखाना कोतवाली में तैनात एक सब इंस्पेक्टर का कथित ऑडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वायरल ऑडियो में दरोगा और एक स्थानीय युवक (जिसे पुलिस का मुखबिर बताया जा रहा है) के बीच अवैध हथियार की व्यवस्था करने और एक निर्दोष व्यक्ति को झूठे केस में फंसाने की साजिश की बातचीत हो रही है। ऑडियो में सब इंस्पेक्टर कथित रूप से कहता सुनाई दे रहा है, 315 का जुगाड़ करो... पैसे मुझसे ले लेना, एक-दो घंटे में चाहिए। पंडित जी को बुक करना है। इसके अलावा वह रात में ही व्यक्ति को जेल भेजने और तमंचे के बदले एडवांस में पैसे देने की बात भी करता है। सूत्रों के अनुसार यह मामला सात मई का बताया जा रहा है। जब एक युवक को थाने बुलाकर अवैध हथियार के आरोप में फंसाने की योजना बनाई गई थी। अपर पुलिस अधीक्षक शैलेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि वायरल ऑडियो को संज्ञान में लिया गया है। इसकी निष्पक्ष जांच कराई जाएगी। जांच के उपरांत जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

### कार की किस्त मांगने गए थे..मनबढों ने मैनेजर पर कर दी फायरिंग- एक गिरफ्तार, 5 फरार

**गोरखपुर ।** बेलघाट इलाके के सोपाई गांव में फाइनेंस कंपनी के एरिया सेल्स मैनेजर पर अवैध पिस्टल से फायरिंग करने के एक आरोपी को पुलिस ने शनिवार को गिरफ्तार कर लिया। 28 मई को कार की किस्त मांगने गए मैनेजर पर आरोपी ने हमला किया था। आरोपी की पहचान क्षेत्र के ही चौतरा पट्टी के करुणेश दुबे के रूप में हुई। आरोपी से पूछताछ कर पुलिस ने उसे जेल भिजवा दिया।

बेलघाट थाना प्रभारी विकास नाथ ने बताया कि मामले में शुक्रवार को दो आरोपियों रुपेश और राज को गिरफ्तार कर जेल भिजवाया जा चुका है। इनके पास से घटना में प्रयुक्त अवैध पिस्टल भी बरामद कर ली गई थी।

बिहार के पटना कदम कुंवा निवासी चोलामंडपम इन्वेस्टमेंट कंपनी के एरिया सेल्स मैनेजर अमित सरन की तहरीर पर रुपेश, करुणेश, करन सिंह, विकास सिंह, अंशुमान त्रिपाठी और राज सिंह के खिलाफ बेलघाट थाने में केस दर्ज किया गया था। इसमें तीन आरोपी पकड़े जा चुके हैं, अन्य की तलाश चल रही है।

एरिया सेल्स मैनेजर अमित सरन ने आरोप लगाया कि कंपनी के कर्मचारी विकास श्रीवास्तव के साथ बेलघाट सोपाई निवासी गुड्डी देवी के घर कार की फाइनेंस प्रक्रिया पूर्ण करने के लिए 28 मई को गए थे। फरवरी माह में गाड़ी लेने के बाद से फाइनेंस कार्रवाई पूर्ण करने में वह आनाकानी कर रही थीं।

इस दौरान इनके घर और गांव के सहयोगी रुपेश, करुणेश, करन, विकास, अंशुमान, राज उन्हें और साथी को जान मारने के लिए अवैध पिस्टल से फायर कर दिए।

### खंभे पर चढ़ फाल्ट ठीक कर रहा था, करंट लगने से नीचे गिरा लाइनमैन- गंभीर रूप से घायल

**गोरखपुर , एजेंसी।** बिजली निगम का एक लाइनमैन रविवार की सुबह फाल्ट ठीक करने के दौरान करंट की चपेट में आ गया। मौजूद साथ के साथियों ने आनन-फानन में घायल लाइनमैन को जिला अस्पताल में भर्ती करवाया, जहां उसका इलाज चल रहा है। बताया जा रहा है कि बिजली के खंभे से सीधे नीचे जमीन पर गिरने की वजह से सिर में गंभीर चोट लग गई है। धर्मशाला बाजर उपकेंद्र के सुमेर सागर पर बिजली फाल्ट ठीक करने के लिए लाइनमैन पहुंचे थे। फाल्ट वाले खंभे पर चढ़कर तार के जंपर को ठीक करने का काम कर रहे थे। इसी बीच अचानक करंट वाले केबल के संपर्क में आ गए। बताया जा रहा है कि खंभे पर दो फीडर से केबल जा रहा था।

# बिजली कटौती पर रात में उपकेंद्रों पर हुआ जमकर हंगामा, जाम की सड़क



**लखनऊ , एजेंसी।** भीषण गर्मी और उमस में चार घंटे से ज्यादा समय तक बिजली गुल रहने से अहिबरनपुर उपकेंद्र के अंतर्गत आने वाले इलाकों के उपभोक्ता खौल उठे। शनिवार रात करीब एक बजे सड़क पर उतार आए। पहले उन्होंने उपकेंद्र की ओर कूच किया। यहां पहुंचकर हंगामा करने लगे तो ड्यूटी पर तैनात विद्युतकर्मी ताला लगाकर भाग निकले। सूचना पर पुलिस भी आ गई, जिसके बाद उपभोक्ता इधर-उधर हो गए।

कुछ देर बाद उपभोक्ता उपकेंद्र के बाहर मुख्य मार्ग पर पहुंचे और बांस की सीढ़ी लगाकर जाम लगा दिया। यही सड़क पर नारेबाजी करने लगे। पुलिस कर्मियों ने लोगों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन आक्रोशित लोग बिजली आपूर्ति चालू करने की मांग पर अड़े रहे। यहां दोनों पक्षों में तीखी झड़प भी हुई। इस दौरान मार्ग के दोनों तरह बस, ट्रक सहित बड़ी संख्या में छोटे-बड़े वाहनों की कतार लग गई।

उपभोक्ताओं का कहना था कि रात 9-45 बजे से बिजली गुल है। जिम्मेदार अधिकारी फोन नहीं उठा रहे। कोई ये नहीं बता रहा कि समस्या क्या है और आपूर्ति कब चालू होगी। एक बार किसी को फोन उठ रहा है तो सवाल पूछे जाने के बाद स्विच ऑफ कर दिया जा रहा है। उपकेंद्र पर मौजूद कर्मचारी भी कुछ स्पष्ट नहीं बता रहे। इसी वजह से उन्हें ये कदम उठाना पड़ा है।

मुख्य अभियंता वीपी सिंह ने बताया कि 33 केवी लाइन में फॉल्ट आने के कारण यह संकट उत्पन्न हुआ। दूसरी ओर इलाकाई उपखंड अधिकारी ने संकट के दौरान उपभोक्ताओं को एक-एक घंटे के अंतराल पर कटौती करके बिजली आपूर्ति का दावा किया। इधर, उपभोक्ताओं का दावा था कि करीब 9-45 बजे गुल हुई बिजली रात एक बजे तक चालू नहीं हो सकी। इस कारण लगभग डेढ़ किलोमीटर के दायरे में पूरी तरीके से अंधेरा पसरा रहा। रात डेढ़ बजे तक हंगामे की स्थिति बनी रही।

अहिबरनपुर उपकेंद्र के तहत सीतापुर रोड पर चार घंटे तक बिजली गुल होने के विरोध में लोग शनिवार रात लोग सड़क पर उतर आए और हंगामा करने लगे। बिजली संकट से आजिज उपभोक्ताओं उपकेंद्र की तरफ कूच किया, लेकिन वहां पहले से मौजूद पुलिस थी। ऐसे में उपभोक्ता ज्यादा हंगामा किए ही धर-उधर हो लिए। मुख्य अभियंता वीपी सिंह ने बताया कि 33 केवी लाइन में फॉल्ट आने के कारण यह संकट उत्पन्न हुआ। उपखंड अधिकारी ने संकट के दौरान उपभोक्ताओं को एक-एक घंटे के अंतराल पर कटौती करके बिजली आपूर्ति का दावा भी किया, लेकिन यह दावा तब फेल हो गया जब करीब 9-45 बजे गुल हुई बिजली रात एक बजे तक चालू नहीं हो सकी। इस कारण लगभग डेढ़ किलोमीटर के दायरे में पूरी तरीके से अंधेरा पसरा रहा।

### हेल्पलाइन नंबर 1912 पर सुबह से बिजली उपभोक्ताओं की सुनवाई बंद, नहीं दर्ज हो रही शिकायतें

मध्यांचल विद्युत वितरण निगम के लखनऊ समेत 19 जिलों के उपभोक्ताओं की रविवार सुबह से बिजली शिकायतों की सुनवाई बंद हो गई है। यह संकट लखनऊ के हुसैनगंज स्थित 1912 काल सेंटर में तकनीकी खामी आने से उत्पन्न हुआ है। इससे उपभोक्ताओं की बिजली संकट की समस्या का निराकरण नहीं हो पा रहा है । हालांकि, इस तकनीकी खामी को दूर करने के लिए बीएसएनएल टीम रविवार सुबह आठ बजे से जुटी है। मध्यांचल निगम के एक अफसर ने बताया कि लखनऊ, रायबरेली, उन्नाव ,हरदोई, सीतापुर, लखीमपुर, बाराबंकी, अयोध्या, बहराइच, गोंडा, श्रावस्ती, बलरामपुर, अंबेडकरनगर, सुल्तानपुर, अमेठी, बरेली, शाहजहांपुर, बदायूं, पीलीभीत जिलों के उपभोक्ताओं की सुनवाई न होने पर उनकी सहूलियत के लिए 1912 काल सेंटर की सेवा उपलब्ध कराई गई थी। अफसर ने बताया कि इस नंबर पर रविवार सुबह सात बजे से उपभोक्ताओं की शिकायतें दर्ज नहीं हो पा रही है। उपभोक्ता काल करते, मगर रिसीव नहीं हो रही है।

#### इस पर दर्ज कराएं शिकायतें

गोमतीनगर जोन के मुख्य अभियंता सुशील गर्ग ने बताया कि उपभोक्ताओं ने शिकायत कर 1912 पर शिकायत दर्ज न होने की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि ऐसे उपभोक्ताओं की जब तक 1912 पर शिकायतें दर्ज नहीं हो रही तब तक व्हाट्सप्प नंबर , ई-मेल, कंज्यूमर एप पर शिकायतें दर्ज करा सकते हैं।

## अब्बास अंसारी की विधायकी खत्म, सीट घोषित हुई रिक्त, छुट्टी के दिन खुला सचिवालय...

**चुनाव आयोग को भेजी गई सूचना**



**लखनऊ , एजेंसी।** हेट स्पीच केस में सजा के एलान के बाद यूपी के मऊ से सुभासपा विधायक अब्बास अंसारी की विधायकी खत्म हो गई है। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने उनकी सीट को रिक्त घोषित कर दिया है। इसके लिए रविवार को छुट्टी के दिन सचिवालय खोला गया। चुनाव आयोग को इसकी सूचना भेज दी गई है। अब इस विधानसभा सीट के उपचुनाव पर सबकी नजर है। बीते विधानसभा चुनाव के दौरान नफरती भाषण और चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन के मामले मे फैसला शनिवार को हुआ। सीजेएम डॉ. केपी सिंह ने मामले में पक्षकारों की बहस सुनने के बाद फैसला के लिए 31 मई की तिथि नियत की थी। सुनवाई के बाद अदालत ने आचार संहिता के उल्लंघन के मामले में अब्बास अंसारी को दोषी करार देते हुए दो साल की सजा सुनाई गई। इसके साथ ही अलग अलग धाराओं के तहत कुल 11 का जुर्माना भी लगाया गया है।

जानकारी के अनुसार, मामला शहर कोतवाली क्षेत्र का है। मामले में अभियोजन के अनुसार एसआई गंगाराम बिंद की तहरीर पर शहर कोतवाली में एफआईआर दर्ज की गई थी। इसमें सदर विधायक अब्बास अंसारी और अन्य लोगों को आरोपी बनाया गया था।

**सबक सिखाने की धमकी भी मंच से दी गई थी:** आरोप था कि बीते तीन मार्च 2022 को विधानसभा चुनाव के दौरान सदर विधानसभा सीट से सुभासपा के प्रत्याशी के तौर पर चुनाव लड़ रहे अब्बास अंसारी ने हेट स्पीच दिया। नगर के पहाड़पुर मैदान में जनसभा के दौरान कहा था कि मऊ प्रशासन को चुनाव के बाद हिसाब-किताब करने और इसके बाद सबक सिखाने की धमकी भी मंच से दी गई थी।

इस मामले में अब्बास के साथी मंसूर अंसारी को भी सजा सुनाई गई है। धारा 120बी भादवि के तहत उसे छह माह की सजा और एक हजार रुपये अर्थदंड लगाया गया है।

### ठेलिया से टकराई बाइक, पत्नी की मौत, पति घायल

**उन्नाव , एजेंसी।** रसूलाबाद-सफीपुर मार्ग पर देवगांव के पास शनिवार शाम चार बजे साइकिल ठेलिया में तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर टकरा गई। घटना में बाइक सवार दंपती गंभीर घायल हो गए। दोनों को सीएचसी ले जाया गया, जहां महिला को डॉक्टर ने मृत घोषित कर पति को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। कोतवाली क्षेत्र के देवगांव गांव निवासी दृगपाल सिंह शनिवार को बीमार पत्नी ज्ञानेंद्री (40) के साथ बाइक से दवा लेने हसनगंज गए थे। शाम को लौटते समय गांव के सामने चौराहे पर अचानक सामने साइकिल ठेलिया आ गई और वह उससे टकरा गए। रफ्तार अधिक होने से बाइक करीब 20 मीटर तक घिसटती चली गई। घटना में दंपती घायल हो गए। सीएचसी में डॉक्टर ने ज्ञानेंद्री को मृत घोषित कर दिया। मां की मौत और पिता के गंभीर होने से बच्चे शिवा, शिवांश और बेटी प्रतिभा बेहाल हैं। थानाध्यक्ष एसएन त्रिपाठी ने बताया कि घायल का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है।

### ब्रेकर पर उछली बाइक, सड़क पर गिरकर महिला की मौत

उन्नाव, एजेंसी। शारदानहर-बीघापुर मार्ग पर शनिवार दोपहर करीब एक बजे कुलहा गांव के पास रेलवे क्रॉसिंग के ब्रेकर पर बाइक उछलने से दो साल के बच्चे को लेकर बैठी महिला गिरकर गंभीर घायल हो गई। स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। बच्चा बाल-बाल बचा। महिला मायके से मिला बकरी का बच्चा भी सीट से बांधे थी, जिस कारण उसे बैठने में दिक्कत हो रही थी। बारासगवर थानाक्षेत्र के लालगंज प्रथम गांव निवासी गजराज, पत्नी पूजा (40) और दो साल के बच्चे के साथ शुक्रवार को अजगैन कोतवाली के बगहरी गांव स्थित ससुराल गए थे। शनिवार दोपहर लौटते समय पूजा के माता-पिता ने बकरी का एक बच्चा दे दिया। बाइक की सीट पर दंपती और बच्चे के साथ बकरी का बच्चा भी था। इससे पूजा ठीक से बैठ नहीं पा रहीं थीं। शारदा नहर-बीघापुर मार्ग पर कोतवाली के कुलहा गांव के पास ब्रेकर पर उछलने से पूजा, दो साल के बच्चे सहित सड़क पर गिर गईं। सिर में चोट आने से गंभीर हालत में स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। कोतवाल राजपाल ने बताया कि परिजनों ने कोई तहरीर नहीं दी है।

## प्रदेश में चुनाव व्यवस्था में बड़े बदलाव की तैयारी

**आम जनता चुनेगी जिला पंचायत अध्यक्ष व ब्लॉक प्रमुख**



**लखनऊ, एजेंसी।** प्रदेश सरकार सांसद और विधायक की ही तरह यूपी में जिला पंचायत अध्यक्ष और ब्लॉक प्रमुख का चुनाव भी सीधे जनता से कराने पर मंथन कर रही है। सूत्रों की माने तो प्रदेश सरकार जल्द ही इस बारे में केंद्र सरकार को प्रस्ताव भेज सकती है। माना जा रहा है कि अगर केंद्र ने राज्य सरकार के इस प्रस्ताव पर मुहर लगा दिया तो आगामी पंचायत चुनाव में ही इस नई चुनाव प्रक्रिया को लागू कर दिया जायेगा।

प्रदेश के पंचायती राज मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने भी इसकी पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में उन्होंने शुक्रवार को ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात करके चर्चा की है। उन्होंने मुख्यमंत्री के सामने प्रस्ताव रखा कि वह अधिकारियों को निर्देशित करें कि जिला पंचायत अध्यक्ष और ब्लाक प्रमुख का चुनाव सीधे जनता से कराने के संबंध में प्रस्ताव तैयार करें। प्रस्ताव तैयार कर इसे जल्द से जल्द केंद्र सरकार को भेजा जाए जिससे समय रहते इसकी तैयारी की जा सके। राजभर का कहना है कि मुख्यमंत्री ने उनके इस प्रस्ताव से सहमति जताई है और जल्द ही प्रस्ताव केंद्र को भेजने का आश्वासन भी दिया है।उन्होंने कहा कि वह पिछले चुनाव में ही यह चाहते थे। अधिकारियों से इसके लिए प्रस्ताव तैयार कराने के लिए कहेंगे। इस मुलाकात के दौरान ओम प्रकाश राजभर के पुत्र सुभासपा के प्रमुख राष्ट्रीय महासचिव अरविंद राजभर भी साथ थे। राजभर ने बताया कि पिछले महीने उन्होंने दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मिलकर भी इस मुद्दे पर चर्चा किया था, तो शाह ने भी जिला पंचायत अध्यक्ष और ब्लॉक प्रमुख का चुनाव सीधे जनता से कराने पर हामी भरी थी। उन्होंने राज्य सरकार से प्रस्ताव भिजवाने को कहा था। राजभर ने कहा कि इसी कड़ी में होने मुख्यमंत्री से मिलकर अनुरोध किया है।

## ईदगाह में एक ही बार होगी ईद की नमाज



**मेरठ , एजेंसी।** शाही ईदगाह कमेटी की बैठक में फैसला लिया गया कि ईदगाह में ईद की नमाज एक ही बार होगी। दरअसल, नमाजियों की संख्या ज्यादा होने के कारण कुछ लोगों ने कमेटी के सामने शाही ईदगाह में दो बार नमाज का प्रस्ताव रखा था। नमाज का वक्त सुबह सात बजे तय किया गया है।


ईदगाह कमेटी के सचिव सय्यद सलमान सब्जवारी ने बताया कि शाही ईदगाह परिसर में दो दिन तक इस पर मंथन किया गया। फैसले की इत्तेला शहर काजी डॉ. सालिकीन सिद्दीकी को दे दी गई है। इस बार भी ईद की नमाज देवबंद के किसी आलिम-ए-दीन से ही पढ़वाने का फैसला लिया गया है। उन्होंने बताया कि शहर में नमाजियों की बढ़ती संख्या और शाही ईदगाह परिसर में सीमित स्थान को मद्देनजर रखते हुए कमेटी के सामने यह प्रस्ताव आया था कि शाही ईदगाह में ईद-उल-अजहा की नमाज दो बार अलग-अलग समय पर अदा कराई जाए, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग ईदगाह में नमाज अदा कर सकें।

मंथन के बाद तय किया गया कि समय और संसाधनों की कमी के चलते इस निर्णय को इस बार लागू नहीं किया जाएगा। शाही ईदगाह में ईद-उल-अजहा पर दो बार नमाज अदा कराने के प्रस्ताव को फिलहाल स्थगित कर दिया गया है। हालांकि तय किया गया कि अगली ईद-उल-फितर से पहले इस विषय पर विस्तार से चर्चा कर अंतिम निर्णय लिया जाएगा। बैठक में यह भी तय किया गया कि शाही ईदगाह की 900 साल पुरानी परंपरा के अनुसार इस बार भी ईद की नमाज किसी बड़े आलिम ए दीन से ही अदा करवाई जाएगी। बैठक में रऊफ उल हसन अंसारी, अलाउद्दीन सिद्दीकी, कारी शफीकुर्रहमान कासमी, फैज अहमद, अंजुम जमाल, डॉ. माजिद, तंसीर अहमद, सरफराज अहमद, नौशाद अहमद, सगीर अजमल, यासीन अब्बासी, मोइनुद्दीन और काजी रियाज आदि मौजूद रहे।

### ईदगाह के बाहर नमाज ना अदा करें

ईदगाह कमेटी ने शहर की सभी बड़ी मस्जिदों के प्रबंधकों और खासकर फैज-ए-आम मस्जिद की प्रबंध समिति से अपील की है कि वह अपने यहां ईद की नमाज का समय ईदगाह की नमाज के बाद ही रखें, ताकि अगर कोई व्यक्ति ईदगाह की नमाज में शामिल न हो सके तो वह सड़कों पर नमाज पढ़ने के बजाए आसानी से फैज-ए-आम की मस्जिद में ईद की नमाज अदा कर सके। ईदगाह मैनेजमेंट कमेटी ने मुसलमानों से अपील की है कि वो ईदगाह के बाहर नमाज ना अदा करें।

# मॉनसून रोमांस और सुकून का अहसास : सारा अली खान



**सारा ने इंस्टाग्राम पर शेयर की सेल्फी और शायरी**

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री सारा अली खान ने हाल ही में बारिश के मौसम को लेकर सोशल मीडिया पर अपने दिल की बात साझा की है। उनके लिए मॉनसून सिर्फ भीगने या छाते का मौसम नहीं, बल्कि रोमांस और सुकून का अहसास है। सारा ने इंस्टाग्राम पर अपनी कुछ खूबसूरत सेल्फी के साथ एक प्यारी सी शायरी पोस्ट की, जिसमें उन्होंने बताया कि बारिश उन्हें बेहद रोमांटिक लगती है। उन्होंने कैप्शन में लिखा, "मॉनसून में भरो मग्गे और कोजी होकर सुनो जमाना लगे, रोमांस वाली फिलिंग जब जागे, थिंक ऑफ आपके प्यारे सगे।" इस शायरी के जरिए सारा ने अपने फैंस को यह संदेश दिया कि जब बारिश में मन रोमांटिक हो जाए, तो उस खास इंसान को याद करें जिसे आप प्यार करते हैं। उनकी ये पोस्ट सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है और फैंस सारा के इस अंदाज को खूब पसंद कर रहे हैं। सारा की शेयर की गई तस्वीरों में वह बेहद स्टाइलिश नजर आ रही हैं। उन्होंने फिटिंग ड्रेस पहन रखी है और कैमरे के सामने अलग-अलग पोज़ में अपना मॉनसून मूड जाहिर किया है। सारा अली खान इन दिनों अपनी अगली फिल्म मेट्रो इन दिनों को लेकर सुर्खियों में हैं। 28 मई को इस फिल्म का पहला गाना जमाना लगे लॉन्च किया गया था। इस इवेंट में सारा के साथ आदित्य रॉय कपूर, अली फजल, फातिमा सना शेख, कोंकणा सेन शर्मा जैसे कई कलाकार भी शामिल हुए। जमाना लगे गाने को प्रीतम ने संगीतबद्ध किया है और इसे अरिजीत सिंह व शाश्वत सिंह ने गाया है। गाने की शुरुआत एक बारिश वाले सीन से होती है, जिसमें आदित्य रॉय कपूर का किरदार सारा को ट्रेन स्टेशन पर विदा करता है। इसके बाद अलग-अलग कहानियों के रूप में अली फजल और फातिमा का होली मनाना, अनुपम खेर और नीना गुप्ता का स्कूटर पर घूमना और पंकज त्रिपाठी व कोंकणा का समुद्र किनारे क्वालिटी टाइम बिताना दिखाया गया है। फिल्म का निर्देशन अनुराग बसु ने किया है और यह गुलशन कुमार व टी-सीरीज के बैनर तले 4 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

विदेशी आक्रांताओं द्वारा नष्ट-भ्रष्ट किये गये मंदिरों का अहिल्याबाई ने पुनरुद्धार कराया

# लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर ने आत्मरक्षा के गुण सिखाए: योगी

## पिछली सरकारों ने बदला था अहिल्याबाई होल्कर के नाम पर रखे गये डिग्री कॉलेज का नाम

तरुणमित्र



**आगरा/लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पुण्यश्लोका लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की जन्म त्रिशताब्दी वर्ष स्मृति अभियान 2025 के अंतर्गत आगरा में आयोजित विशाल संगोष्ठी को संबोधित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि मुगल कालखंड में जब विदेशी आक्रांताओं ने भारत की अस्मिता और आस्था के प्रतीकों, खासकर मंदिरों को नष्ट और भ्रष्ट किया, तब महारानी अहिल्याबाई ने ढाई सौ साल पहले इनके पुनरुद्धार का महान कार्य किया। सीएम योगी ने कहा कि लोकमाता ने मालवा साम्राज्य को आत्मरक्षा के गुण सिखाए। आज भारत की सेना उसी प्रेरणा से सर्जिकल स्ट्राइक और एयर स्ट्राइक करती है। जब पाकिस्तान आतंकियों को पालता है, तो भारत घुसकर मारता है। भारतीय सेना ने पाकिस्तान के एयर सिस्टम को ध्वस्त कर दुश्मन को झुकने के लिए मजबूर किया। यह लोकमाता के विराट व्यक्तित्व की प्रेरणा का परिणाम है।

**पुण्यश्लोका का व्यक्तित्व आज भी हमें प्रकाश और प्रेरणा दे रहा :** मुख्यमंत्री ने कहा कि जब समाज अपने राष्ट्रनायकों और नायिकाओं से प्रेरणा लेता है, तो कोई भी ताकत उसके मार्ग में बाधा नहीं बन सकती। लोकमाता अहिल्याबाई का विराट व्यक्तित्व इसका जीवंत उदाहरण है। उन्होंने महिलाओं, हस्तशिल्पियों, कारीगरों, किसानों, युवाओं, सुरक्षा और भारत की सांस्कृतिक विरासत के लिए जो कार्य किए, वे अविस्मरणीय और अभिनंदनीय हैं। उन्होंने बताया कि पुण्यश्लोका देवी अहिल्याबाई ने राजकोष की जगह अपने निजी धन से पुरी के जगन्नाथ मंदिर, गया के मंदिर, काशी विश्वनाथ मंदिर, केदारनाथ धाम, महाकाल मंदिर, ओमकारेश्वर मंदिर, सोमनाथ मंदिर, भीमाशंकर मंदिर और रामेश्वरम मंदिर सहित अनेक धार्मिक स्थलों का पुनरुद्धार किया। उन्होंने मात्र 70 वर्ष का जीवन जिया, लेकिन उनका व्यक्तित्व आज भी हमें प्रकाश और प्रेरणा दे रहा है। मुख्यमंत्री ने बताया कि लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर के कार्यों से प्रेरित होकर डबल इंजन की सरकार तमाम योजनाएं सांचालित कर रही है। सीएम योगी ने लखपति दीदी, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, मातृ वंदना योजना और आत्मनिर्भर भारत अभियान का विशेष उल्लेख किया। साथ ही, काशी विश्वनाथ धाम, अयोध्या में भव्य राम मंदिर, महाकाल में महालोक, केदारनाथ और बद्रीनाथ धाम, सोमनाथ और रामेश्वरम मंदिरों में हो रहे कार्यों को भी इसी कड़ी का हिस्सा बताया। मुख्यमंत्री ने उत्तर प्रदेश में हुए बदलावों का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि पहले कुछ लोग माफिया को पालते थे, जो कानून व्यवस्था के लिए संकट पैदा करते थे। लेकिन आज डबल इंजन की सरकार ने लोकमाता के नाम पर औरैया में मेडिकल कॉलेज का नामकरण किया। पहले कुछ लोग उनके नाम पर बने डिग्री कॉलेज का नाम बदल देते थे, लेकिन हम उनकी विरासत को सम्मान दे रहे हैं। सीएम योगी ने देवी अहिल्याबाई द्वारा महिलाओं और हस्तशिल्प के लिए किए गए कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि जैसे काशी में बनारसी साड़ी विश्वविख्यात है, वैसे ही लोकमाता ने माहिष्मती की साड़ियों को विश्व स्तर पर पहचान दिलाई। उन्होंने महिलाओं के लिए विस्तृत कार्ययोजना बनाई, जो आज भी प्रेरणादायक है।

# गांव-गांव बनेंगे समृद्ध, क्लस्टर मॉडल से बदलेगी किसानों की तकदीर

तरुणमित्र



**लखनऊ।** योगी सरकार किसानों की आय बढ़ाने और उनके जीवन को समृद्ध बनाने की दिशा में एक और बड़ा कदम उठाने जा रही है। अब प्रदेश में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए नेशनल मिशन ऑन नेचुरल फार्मिंग को व्यापक स्तर पर लागू किया जाएगा। इसके तहत एक ग्राम पंचायत एक क्लस्टर अभियान चलाया जाएगा, जिससे किसानों की आमदनी ही नहीं, बल्कि उनकी सामाजिक-आर्थिक स्थिति में भी बड़ा परिवर्तन आएगा।

**खेती की लागत घटेगी और उत्पादकता में होगी वृद्धि :** हर क्लस्टर 50 हेक्टेयर भूमि में फैला होगा, जिसमें कम से कम 125 किसानों को शामिल किया जाएगा। पहले साल 7.16 लाख रुपए और दूसरे साल 6.83 लाख रुपए का अनुदान दिया जाएगा, जो प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने में मददगार होगा। किसान फार्मर्स प्रोड्यूसर ऑर्गेनाइजेशन (एफपीओ) से भी जुड़ेंगे, जिससे उन्हें फार्म मशीनरी बैंक, कस्टम हायरिंग सेंटर, वेयरहाउस, कोल्ड स्टोरेज और मार्केटिंग की अत्याधुनिक सुविधाएं मिलेंगी। प्रदेश सरकार की योजना है कि वर्ष 2025-26 तक बड़ी संख्या में क्लस्टर विकसित कर लाखों किसानों को इससे जोड़ दिया जाए। जिससे न केवल खेती की लागत घटेगी, बल्कि उत्पादकता और आय दोनों में वृद्धि होगी।

**क्लस्टर आधारित नेचुरल फार्मिंग से ग्राम पंचायतें कृषि नवाचार का केंद्र बनेंगी :** प्राकृतिक खेती से जुड़कर किसान न केवल जैविक उत्पाद उगाएंगे, बल्कि उन्हें बाजार में अच्छे दाम भी मिलेंगे। इससे ग्राम पंचायतें आर्थिक रूप से सक्षम होंगी और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई दिशा मिलेगी। राज्य सरकार के प्रवक्ता के अनुसार उत्तर प्रदेश सरकार का यह अभियान किसानों के लिए वरदान साबित होगा। क्लस्टर आधारित नेचुरल फार्मिंग मॉडल से जहां खेती लाभकारी बनेगी, वहीं ग्राम पंचायतें कृषि नवाचार का केंद्र बनेंगी। यह योजना न केवल खेतों की सेहत सुधारेगी, बल्कि किसानों के चेहरों पर भी मुस्कान लाएगी।

# पार्षद वेलफेयर एसोसिएशन ने चलाया नहर साफ सफाई अभियान

तरुणमित्र



**कानपुर।** पार्षद वेलफेयर एसोसिएशन के द्वारा नौबस्ता पश्चिम वार्ड 65 क्षेत्र में नहर छठ पूजा घाट की साफ सफाई अभियान वृहद स्तर पर चलाया गया। संरक्षक अमित पाण्डेय बंटी ने बताया कि महापौर श्रीमती प्रमिला पाण्डेय नगर के संपूर्ण विकास के लिए दृढ़ संकल्पित होकर कार्य कर रही है। नगर के प्रत्येक वार्ड के पार्षदों से महापौर समस्याओं को सुन तत्काल प्रभाव से निवारण करने का कार्य कर रही है। वहीं दूसरी ओर पार्षद योगेन्द्र शर्मा ने संरक्षक अमित पाण्डेय बंटी का स्वागत माल्यार्पण कर अंग वस्त्र भेंटकर करते हुए कहा कि नगर के तमाम पार्षदों के संग संरक्षक अमित पाण्डेय के नेतृत्व में वार्ड 65 नौबस्ता क्षेत्र की नहर अतिक्रमण अभियान चलाते हुए साफ सफाई कराई गई तथा संरक्षक अमित पाण्डेय के द्वारा नहर विभाग के अधिकारियों से नहर किनारे वृहद स्तर पर अतिक्रमण अभियान चलाने की बात कही है जिसे नहर विभाग के अधिकारियों ने सहमति जताते हुए जल्द अभियान चलाने की बात कही। तमाम पार्षदों ने नहर के किनारे कूड़े को एकत्रित कर हटाने का कार्य किया इस मौके पर मुख्य रूप से पार्षद योगेन्द्र शर्मा यश अनुराग शुक्ला अभिनव शुक्ला नवीन पंडित आकर्ष बाजपेयी शुभम् नीरज रक्सेल डॉ अखिलेश बाजपेयी अमित गुप्ता आदर्श गुप्ता मनीष मिश्रा नीरज गुप्ता सरोज पांडे विकास बाजपेयी राजेश शुक्ला राजू गुप्ता अमित तिवारी सहित काफी संख्या में क्षेत्रीय मौजूद रहे।

# इस बार योगी आदित्यनाथ के लिए बेहद खास होगा जन्मदिन

- इस दिन राम दरबार की प्राण प्रतिष्ठा के मुख्य अतिथि होंगे योगी
- मान्यता है कि इसी तिथि को हुई थी श्रीकृष्ण के द्वापर की शुरुआत

तरुणमित्र

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के लिए विश्व पर्यावरण दिवस हर वर्ष खास रहा है। वजह इसी दिन उनका जन्मदिन होना और पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन के प्रति उनकी निजी रुचि तथा उनके किए जा रहे प्रयास हैं। इस बार का उनका जन्मदिन व पर्यावरण दिवस उनके लिए और खास होने वाला है। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता हरिशचंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि योगी आदित्यनाथ यूपी के मुख्यमंत्री के साथ गोरखपुर स्थित गोरक्षपीठ के पीठाधीश्वर भी हैं। यह वही पीठ है जिसकी तीन पीढ़ियों ने करीब एक सदी तक राम मंदिर आंदोलन में बेहद महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। ये पीढ़ियां हैं योगी के दादागुरु ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ, उनके गुरुदेव ब्रह्मलीन महंत अवैद्यनाथ और पीठ के उत्तराधिकारी एवं पीठाधीश्वर के रूप में वह खुद भी। देश और दुनिया के इतिहास में किसी एक मुद्दे पर एक ही शिद्दत से संघर्ष करने और उसे अंजाम तक पहुंचते हुए देखने वाला ऐसी पीढ़ियां खुद में अपवाद है। यही नहीं आज से करीब आठ साल पहले जब योगी उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री बने तब भी जब मौका मिला, अयोध्या जाकर उन्होंने लोगों और संत समाज को यह संदेश दिया कि वह अयोध्या के हैं और अयोध्या के लोग उनके। सिर्फ संदेश ही नहीं दिया, अयोध्या की बेहतरी के लिए जो भी संभव हुआ



वह दिया। राम मंदिर के पक्ष में सुप्रीम कोर्ट का फैसला आने के बाद तो उन्होंने अयोध्या के कायाकल्प के लिए खजाने का मुंह ही खोल दिया। आज बदली अयोध्या इसका प्रमाण है। बदलाव का यह सिलसिला तब तक जारी रहेगा जब तक उनकी मंशा के अनुसार अपने बदले रूप में अयोध्या का शुमार धार्मिक लिहाज से दुनिया के सबसे खूबसूरत तीर्थस्थान के रूप में नहीं हो जाता।

**क्यों खास है इस बार योगी का जन्मदिन :** दरअसल इसी दिन अयोध्या स्थित राम मंदिर के राम दरबार सहित पूरक मंदिरों में अन्य देवी-देवताओं की प्राण प्रतिष्ठा होनी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे। अपने जन्मदिन एवं पर्यावरण दिवस के नाते यह दिन उनके लिए यूं ही खास होता है। राम दरबार की स्थापना समारोह में मुख्य अतिथि होने के नाते यह और खास होने वाला है। यही नहीं मुहूर्त इसे और खास बना रहे है। मसलन यह कृष्ण के द्वापर युग की आरंभ तिथि है। पांच जून को ज्येष्ठ शुक्ल दशमी की तिथि है। यह मोक्षदायिनी, जीवनदायिनी, दुनिया के सबसे पुरानी सभ्यताओं का पालना रही भारतीय परंपरा में सबसे पवित्र एवं पूज्यनीय गंगा नदी के धरा पर अवतरण की भी तिथि है। उनका अवतरण सतयुग में हुआ था। इस तिथि पर गंगा दशहरा का आयोजन होता है। त्रेता में भगवान श्रीराम ने लंका पर चढ़ाई करने के पूरे रामेश्वरम की स्थापना भी इसी तिथि पर की थी। इस तरह इस तिथि का विस्तार सभी युगों तक है। उल्लेखनीय है कि अपनी परंपरा में शुभ मुहूर्त का शुरू से ही बेहद महत्व रहा है। यहां तक कि जब भगवान श्रीराम ने अवतार लिया था तब भी शुभ मुहूर्त ही था, इस बारे में रामचरित मानस में तुलसी दास ने लिखा है, "नौमी तिथि मधुमास पुनीता, सुकल पच्छ अभिजित हरिप्रीता। मध्य दिवस अति सीत न घामा, पावन काल लोक विश्रामा।" मालूम हो कि राम मंदिर निर्माण के हर महत्वपूर्ण कार्यक्रम के लिए शुभ मुहूर्त का चयन किया गया। मसलन पिछले 30 अप्रैल को जब निर्माण के बाद प्रतिमाओं को जयपुर से लाकर संबंधित मंदिरों में रखा गया, तब अक्षय तृतीया का दिन था।

# राजभवन में 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को लेकर विशेष योगाभ्यास सत्र प्रारंभ

तरुणमित्र



**लखनऊ।** राजभवन में 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस (21 जून) की श्रृंखला में विशेष योगाभ्यास सत्र का शुभारंभ रविवार को किया गया। इस वर्ष अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की थीम "एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग" है, जिसे ध्यान में रखते हुए इस आयोजन का उद्देश्य न केवल शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देना है, बल्कि पर्यावरण एवं संपूर्ण पृथ्वी के प्रति जागरूकता को भी समर्पित है। यह योगाभ्यास सत्र प्रतिदिन प्रातः 7 बजे से 20 जून तक राजभवन के लॉन में आयोजित किया जाएगा।

राज्यपाल के कुशल मार्गदर्शन में इस विशेष आयोजन की परिकल्पना की गई है, जिसका उद्देश्य समाज में योग के प्रति जागरूकता बढ़ाना और नागरिकों को स्वस्थ एवं संतुलित जीवन शैली की ओर अग्रसर करना है। आज के शुभारंभ सत्र में लगभग 1000 प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इन प्रतिभागियों में विश्वविद्यालयों के छात्र-छात्राएं, विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधिगण, राजभवन के अधिकारी एवं कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में योगप्रेमी नागरिक शामिल रहे। प्रशिक्षित योगाचार्यों के निर्देशन में सभी ने संयुक्त रूप से योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास किया। उल्लेखनीय है कि यह योग सत्र 20 जून तक प्रतिदिन आयोजित होगा। इसके उपरांत 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर राजभवन परिसर में एक भव्य योग कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। यह आयोजन न केवल व्यक्तिगत स्वास्थ्य को सशक्त करेगा, बल्कि वैश्विक स्तर पर योग के माध्यम से "एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य" के संदेश को समाज में स्थापित करने का एक प्रेरक प्रयास भी सिद्ध होगा।

# जौनपुर : पूर्व युवा कल्याण अधिकारी का शव मिलने से हड़कंप, हत्या की आशंका

तरुणमित्र

**जौनपुर।** शहर के लाइन बाजार थाना क्षेत्र स्थित वाजिदपुर तिराहे के पास उस समय हड़कंप मच गया, जब पूर्व जिला युवा कल्याण अधिकारी रामकृपाल यादव का शव बरामद हुआ। शव मिलने की सूचना मिलते ही इलाके में सनसनी फैल गई।प्रथम दृष्टया मामले को संदिग्ध मानते हुए हत्या की आशंका जताई जा रही है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच-पड़ताल शुरू कर दी है। घटनास्थल की फोरेंसिक जांच भी कराई जा रही है।रामकृपाल यादव मूल रूप से खुटहन थाना क्षेत्र के मैरवां गांव के रहने वाले थे, और वर्तमान में शहर के



पॉलिटेक्निक कॉलेज के पास स्थित सुंदर नगर कॉलोनी में निवास कर रहे थे।पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत के कारणों का सही पता चल सकेगा। वहीं, मामले की गंभीरता को देखते हुए उच्चाधिकारी भी मौके पर पहुंचे हैं और जांच की निगरानी कर रहे हैं।

# एंडिंग प्लास्टिक ग्लोबली' का संकल्प लेकर पर्यावरण की रक्षा करेंगे यूपी के बच्चे

## पर्यावरण दिवस पांच जून को स्कूली बच्चे नुक्कड़ नाटक, भाषण, चित्रकला के जरिए करेंगे जन जागरूकता

तरुणमित्र

**लखनऊ।** पांच जून को पर्यावरण दिवस है। उत्तर प्रदेश सरकार ने पर्यावरण संरक्षण को लेकर बड़ी पहल शुरू की है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आह्वान पर स्कूली बच्चों से लेकर युवा तक, सभी 'एंडिंग प्लास्टिक ग्लोबली' का संकल्प लेकर पर्यावरण की रक्षा करेंगे।

इसके तहत नुक्कड़ नाटक, भाषण, चित्रकला प्रतियोगिताओं और प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को पर्यावरण के प्रति संवेदनशील बनाया जाएगा। पर्यावरण निदेशालय ने इसकी तैयारी भी शुरू कर दी है। पर्यावरण निदेशक की तरफ से इसके लिए समस्त जिलाधिकारियों को पत्र भी भेजा गया है। विभाग की तरफ से रीजनल साइंस सेंटर, अलीगंज लखनऊ में मुख्य आयोजन होगा। विश्व पर्यावरण दिवस इस वर्ष प्लास्टिक प्रदूषण को समाप्त करने, प्लास्टिक के उपयोग को कम करने व प्लास्टिक से बने सामानों का उपयोग न्यूनतम करने के उद्देश्य से मनाया जाएगा। उपनिदेशक श्रुति शुक्ला ने बताया कि पूरे प्रदेश में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। 'एंडिंग प्लास्टिक ग्लोबली' थीम पर नुक्कड़ नाटक, भाषण व चित्रकला प्रतियोगिता का भी आयोजन होगा। कार्यक्रमों में स्वयंसेवी संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ इस क्षेत्र में कार्य करने वाले विशेषज्ञ भी प्रतिभाग करेंगे। इस मुहिम का यंग फेस स्कूली बच्चों को बनाया जाएगा। उनके लिए प्रकृति को लेकर विभिन्न विषयों पर नुक्कड़ नाटक होंगे। नुक्कड़ नाटकों में दिखाया जाएगा कि प्लास्टिक का कचरा कैसे नदियों को मार रहा है और पर्यावरण पर प्रतिकूल असर दिखा रहा है। भाषण प्रतियोगिता में बच्चे बताएंगे कि प्लास्टिक का उपयोग कैसे न्यूनतम किया जाए। चित्रकला प्रतियोगिता में पर्यावरण से संबंधित अपने मनोभाव को पेंटिंग के जरिए उकरेंगे। उत्तर प्रदेश पर्यावरण निदेशक सुशांत शर्मा ने कहा कि पांच जून को पर्यावरण दिवस है। प्रदेश सरकार के निर्देशन में युवाओं, बच्चों व जन-जन को सिंगल यूज प्लास्टिक के खतरों को बताने के साथ पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया जाएगा। एंडिंग प्लास्टिक ग्लोबली थीम पर स्कूलों बच्चों के मध्य जागरूकता कार्यक्रम, नुक्कड़ नाटक, भाषण, चित्रकला आदि प्रतियोगिता भी होगी। साथ ही पौधे लगाने और उन्हें संरक्षित के लिए भी बच्चों का आह्वान किया जाएगा।

# स्कंद षष्ठी पर बृज की रसोई : मानवता और सेवा का अनुपम उदाहरण

तरुणमित्र





**लखनऊ (आशियाना)।** सेवा, धर्म, और सामाजिक जिम्मेदारी का अनूठा संगम रविवार को लखनऊ के आशियाना क्षेत्र में देखने को मिला। स्कंद षष्ठी के पवित्र अवसर पर 'बृज की रसोई' संस्था ने लगभग 1200 जरूरतमंदों को निःशुल्क और पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराते हुए मानवता का एक प्रेरक उदाहरण प्रस्तुत किया। यह आयोजन इंडियन हेल्पलाइन सोसाइटी के तत्वावधान में हुआ, जिसका नेतृत्व संस्था के संस्थापक श्री विपिन शर्मा ने किया। श्री विपिन शर्मा ने बताया कि 'बृज की रसोई' हर रविवार जरूरतमंदों को भोजन उपलब्ध कराती है, लेकिन स्कंद षष्ठी जैसे विशेष अवसर पर इसका महत्व और भी बढ़ जाता है। उन्होंने कहा, "स्कंद षष्ठी केवल उपवास और पूजा का दिन नहीं, बल्कि आत्मसंयम, सेवा और परोपकार से जीवन में संतुलन स्थापित करने का अवसर है। इस दिन का अन्नदान आत्मिक शुद्धि और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देता है।" इस अवसर पर स्वयंसेवकों ने दिनभर कड़ी मेहनत करते हुए लखनऊ के विभिन्न क्षेत्रों में भोजन वितरित किया। सेक्टर-एम रिक्शा कॉलोनी, रतन खंड की झुग्गियां, अंबेडकर विश्वविद्यालय परिसर, और निर्माणाधीन शैक्षिक संस्थानों के श्रमिकों के आवास जैसे स्थानों पर राजमा-चावल वितरित किए गए। कार्यक्रम में सक्रिय भूमिका निभाने वाले दीपक भुटियानी ने बताया कि स्वयंसेवकों ने कड़ी धूप के बावजूद इस सेवा कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न किया। अनुराग दुबे और गीता प्रजापति ने बताया कि इस भोजन सेवा का लाभ बच्चों, वरिष्ठ नागरिकों और श्रमिकों ने अत्यंत कृतज्ञता के साथ लिया। इस आयोजन में विनोद मिश्रा, आशीष श्रीवास्तव, विकास पांडेय, नवल सिंह, मुकेश कनौजिया, और श्रीमती गीता प्रजापति सहित कई कार्यकर्ताओं ने अपना योगदान दिया। आशीष श्रीवास्तव ने कहा कि संस्था समाज के जरूरतमंदों की सहायता के लिए हमेशा तत्पर रहेगी। कार्यक्रम के अंत में, श्री विपिन शर्मा ने सभी सहयोगियों, दानदाताओं और स्वयंसेवकों का धन्यवाद करते हुए कहा, "हमारा उद्देश्य सिर्फ भूख मिटाना नहीं, बल्कि जरूरतमंदों के चेहरों पर मुस्कान लाना है। इस अभियान को निरंतर और व्यापक रूप में आगे बढ़ाने के लिए हम प्रतिबद्ध हैं।" स्कंद षष्ठी पर 'बृज की रसोई' का यह सेवा कार्य धर्म और मानवता के समन्वय का एक सशक्त उदाहरण प्रस्तुत करता है।

# बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा 2025 : डीएम डॉ. दिनेश चंद्र ने टीडी कॉलेज में औचक निरीक्षण कर परीक्षा व्यवस्था का लिया जायजा



तरुणमित्र

**जौनपुर :** संयुक्त प्रवेश परीक्षा बीएड- 2025 को शुचितापूर्ण, निष्पक्ष एवं नकल विहीन ढंग से संपन्न कराए जाने के शासन के निर्देश के क्रम में जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र द्वारा प्रथम पाली की परीक्षा के दौरान टीडी कॉलेज का औचक निरीक्षण कर परीक्षा संबंधी व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। परीक्षा के दौरान सीसीटीवी कैमरा सक्रिय पाया गया, इस दौरान उन्होंने कक्ष निरीक्षकों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए, परीक्षा केन्द्र पर परीक्षा सुव्यवस्थित तरीके से संचालित पाई गई। जिलाधिकारी ने बताया कि परीक्षा को पारदर्शी तरीके संपन्न कराया जा रहा है। जनपद में बीएड प्रवेश परीक्षा हेतु कुल 27 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, प्रथम पाली की परीक्षा के दौरान पंजीकृत 13097 परीक्षार्थियों में 11768 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। इस अवसर पर संबंधित अधिकारीगण सहित अन्य उपस्थित रहे।

# 6 करोड़ की धोखाधड़ी करने वाले गिरोह के मास्टरमाइंड को पुलिस ने किया गिरफ्तार

तरुणमित्र / अनिल वर्मा





**भिवंडी** : भिवंडी शहर में मोबाइल एक्सेसरीज का व्यवसाय करने वाले एक युवक से 70 लाख रुपये का कर्ज दिलवाने का झांसा देकर उसके नाम पर अलग-अलग कंपनियों से कुल 6 करोड़ रुपये से अधिक का कर्ज उठाने वाले 24 लोगों के गिरोह के मास्टरमाइंड को आखिरकार भिवंडी तालुका पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पीड़ित व्यापारी का नाम नरपतकुमार तलसाराम चौधरी (26) है, जबकि गिरफ्तार आरोपी का नाम सूरजपाल अजित सिंह चौहान है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, नरपतकुमार चौधरी ने सितंबर 2019 में भिवंडी शहर में मोबाइल एक्सेसरीज की दुकान शुरू की थी। दुकान के लिए सामान की खरीदी के दौरान उसकी पहचान 'जी पावर एंटरप्राइज़ेस' के सूरजपाल सिंह चौहान से हुई थी। वर्ष 2020 में नरपतकुमार ने खुद की एक्सेसरीज मैन्युफैक्चरिंग कंपनी शुरू करने की इच्छा जताई थी। इसके लिए जरूरी इंजेक्शन मोल्डिंग मशीन खरीदने हेतु 70 लाख रुपये की जरूरत थी, जिसके लिए सूरजपाल ने 63 लाख रुपये तक का कर्ज दिलवाने का आश्वासन दिया। इस दौरान सूरजपाल सिंह चौहान ने अपने पिता अजितसिंह चौहान, भाई विक्रमसिंह चौहान, महिपालसिंह चौहान, राजेश कुमार कोहर, सीए करण अशोकलाल रांका, वसंत दवे, जगमालसिंह शिवसिंह, जोगडिंह चौहान, तनवीरसिंह, केसरसिंह दहिया, लालसिंह दहिया, मदनसिंह राव, महेंद्रसिंह, महावीर कोठारी, नरपतसिंह चौहान, शेवनकुमार सुधार, संगीता, पुनीत गुप्ता, दिनेशकुमार चौधरी, हंजाराम चौधरी, हरसनराम देवासी और बलवंतसिंह दहिया के साथ मिलकर नरपतकुमार के बैंक से जुड़े जरूरी दस्तावेज अपने पास रख लिए। आरोप है कि 2020 से 2023 के बीच आरोपी सूरजपाल और उसके साथियों ने उन्हीं दस्तावेजों का दुरुपयोग कर विभिन्न बैंकों और प्राइवेट फाइनेंस कंपनियों से कुल 6 करोड़ 29 लाख 61 हजार 281 रुपये का कर्ज लिया और वह पैसा अपने खातों में ट्रांसफर कर धोखाधड़ी की।इस धोखाधड़ी का पता चलने पर नरपतकुमार चौधरी ने अक्टूबर 2024 में भिवंडी ग्रामीण पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई थी, जिस पर पुलिस ने सूरजपाल सिंह चौहान और उसके 23 साथियों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया। शनिवार को भिवंडी तालुका पुलिस ने मास्टरमाइंड सूरजपाल सिंह चौहान को गिरफ्तार कर लिया। उसे भिवंडी न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे 4 जून तक पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है। इस मामले की जांच सहायक पुलिस निरीक्षक किरण मतकर कर रहे हैं।

# अब कलवा भी हमारा गढ़ बन चुका है; एकनाथ शिंदे की आव्हाड को अप्रत्यक्ष चुनौती

तरुणमित्र / सारा पुरी





**ठाणे**: जिस तरह ठाणे एक गढ़ है। उसी तरह कलवा भी अब एक गढ़ बन गया है। हम यहां विकास करना चाहते हैं और विकास के जरिए इस क्षेत्र के सभी लोगों को न्याय मिलना चाहिए, ऐसा उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा एनसीपी (शरद पवार गुट) के नेता विधायक जितेंद्र आव्हाड के पास कलवा-मुंब्रा विधानसभा क्षेत्र है।

कलवा, मुंब्रा में एनसीपी की ताकत थी। महानगर पालिका चुनाव में इस क्षेत्र से एनसीपी के नगरसेवक चुने जाते रहे हैं। कुछ दिन पहले आव्हाड के बेहद करीबी कलवा शहर के कुछ पूर्व नगरसेवक और पदाधिकारी शिंदे की शिवसेना में शामिल हो गए। इससे कलवा में आव्हाड को बड़ा झटका लगा है। शनिवार रात को एक कार्यक्रम के लिए उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे कलवा आए थे। उस समय उन्होंने कहा था कि कलवा एक गढ़ बन गया है। हम इस पूरे क्षेत्र का विकास करना चाहते हैं।खतरनाक इमारतों और अनधिकृत इमारतों में रहने वाले सभी लोगों को एक उचित घर चाहिए। शिंदे ने दावा किया कि एकनाथ शिंदे आपके साथ मजबूती से खड़े रहेंगे और महानगर पालिका या राज्य सरकार के स्तर पर मुद्दों को हल करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि मैं आपको आश्वासन देता हूं कि विकास के लिए कहीं भी धन की कमी नहीं होगी। मैं ढाई साल तक मुख्यमंत्री था। उस समय विकास और लाड़की बहिना योजना जैसी कल्याणकारी योजनाएं शुरू की गई। उन्होंने दोहराया कि कोई कितना भी कहे, लाड़की बहिना योजना कभी बंद नहीं होगी।

# जासूसी के आरोप में गिरफ्तार रवि से नहीं मिल पाई उसकी मां

तरुणमित्र / युसुफ पुरी





**ठाणे**: पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में गिरफ्तार कलवा के रवि वर्मा की मां शनिवार दोपहर करीब साढ़े 12 बजे ठाणे आतंकवाद निरोधक दस्ते के दफ्तर पहुंची। इस दौरान रवि की मां ने पुलिस के सामने हाथ जोड़े। हालांकि, बेटे से मिलने आई मां को कुछ ही देर में उससे मिले बिना ही लौटना पड़ा। सूत्रों ने बताया कि वर्मा को उसके द्वारा दी गई जानकारी की पुष्टि के लिए मुंबई ले जाया गया। इस संबंध में संबंधित विभाग की ओर से कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। रवि ने पूछताछ में बताया कि पायल शर्मा से उसकी दोस्ती थी, जो नवंबर 2024 में पहली बार रवि के संपर्क में आई थी और यह दोस्ती प्यार में बदल गई। रवि ने फेसबुक पर पाकिस्तानी एजेंटों को गोपनीय जानकारी दी। यह भी लगभग साफ हो गया कि उसने प्रेम प्रसंग और उससे मिलने वाले पैसों के कारण जानकारी दी। 7 महीने तक पाकिस्तानी एजेंट के जाल में फंसे वर्मा ने सेना के हथियार डिपो की लोकेशन, 14 पनडुब्बी, युद्धपोत और एक बड़ा जहाज, 5 जेटी समेत अन्य जानकारी दी। साथ ही बैकअप प्लान क्या है, नौसेना के गोदाम में किस तरह के हथियार हैं, इसकी सुरक्षा में कितने जवान तैनात हैं और अन्य जानकारी दी। पूछताछ में 5 महिलाओं पायल शर्मा, एस्प्रिट, आकृति, सिंघल कुमार और प्रीति कुमार के नाम उजागर हुए हैं। सूत्रों ने बताया कि रवि पूछताछ में एटीएस का सहयोग नहीं कर रहा है। सूत्रों ने यह भी बताया कि उसने अपने मोबाइल से कई जानकारियां डिलीट कर दी हैं। इस संबंध में संबंधित विभाग की ओर से कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है।

# बकरा मंडी में दिखा महंगाई का असर कम संख्या में पहुंच रहे है ग्राहक

तरुणमित्र / ब्यूरो



**मुंब्रा** : ईद-उल-अजहा (बकरीद) की रौनक बकरों से ही होती है। हर साल उम्दा नस्ल के बकरे शहर के बाजार, पैंठ की रौनक बढ़ाते हैं। इस बार भी बकरा मंडी जगह-जगह सजी हुई हैं, लेकिन रौनक नहीं है। इसकी वजह है कि बकरों की कीमतों में हुई बेतहाशा वृद्धि, जिससे बकरा मंडी ठंडी पड़ी हुई है। बकरीद को चंद रोज शेष हैं, लेकिन गैर प्रांतों से बकरे के व्यापारी यहां आए है। फिलहाल जो बकरे बाजार में पहुंचे हैं उसमें ज्यादातर देशी, यमुनापारी व आसपास के जिलों से लाए गए हैं। इन बकरों की कीमत 20 से 60 हजार के करीब हैं। कीमतों की बात करें तो गत वर्ष जिन बकरों की कीमत 22 हजार थी, इस साल उसी तरह के बकरे 25 से 30 हजार में बिक रहे हैं। मित्तल मैदान में लगने वाली बकरा मंडी के व्यापारियों का कहना है कि ट्रांसपोर्ट व टैक्स के अलावा यहां रुकने, बकरों को चारा आदि देने में जो खर्च आ रहा है उससे बचत बहुत कम रह गई है। बाहर के व्यापारी यहां आने से शायद इसीलिए कतरा रहे हैं। जबकि पिछले वर्ष राजस्थान, मध्यप्रदेश तक के व्यापारी यहां आए थे। व्यापारियों ने बताया कि आमतौर पर 20 से 25 हजार की कीमत वाले बकरों की ज्यादा मांग है। जो बकरे बाजार में मौजूद हैं, उनकी अधिकतम कीमत हो गई है। लोगों को उम्मीद है कि बकरों की आवक तेज होगी तो रेट भी घटेगा। हालांकि, व्यापारियों को इसकी उम्मीद कम ही लग रही है। उनका कहना है जिस तरह की आवक है उससे नहीं लगता कि कीमतें पिछले बार ही अपेक्षा कीमतें अधिक हैं। बकरों को पालने पर खर्चा ज्यादा आ रहा है। आने-जाने का खर्चा भी है। बाहर के बकरों की आवक इस बार कम है। आसपास के जिलों के ही व्यापारी पैंठ में आ रहे हैं। खर्चा बढने से कीमतें इस बार कुछ ज्यादा हैं।

# "प्लास्टिक प्रदूषण निर्मूलन" के लिए मनपा की साइकिल रैली

तरुणमित्र/ब्यूरो




**पनवेल**। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आयुक्त एंव प्रशासक मंगेश चितले के मार्गदर्शन में. पनवेल मनपा और विभिन्न साइकिलिंग संगठनों के सहयोग से, "प्लास्टिक प्रदूषण को खत्म करने का महत्व" विषय पर जागरूकता पैदा करने के लिए साइक्लोथॉन रैली का आयोजन रविवार की सुबह किया गया. डिप्टी कमिश्नर स्वरूप खारगे की सूचना पर आयोजित इस रैली को मनपा के सहायक कमिश्नर श्रीराम पवार ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया. रैली भारत पेट्रोल पंप (ओरियन मॉल के पास) से शुरू होकर एचडीएफसी सर्किल-आईडीएफसी सर्किल से होते हुए वडाले तालाब पर समाप्त हुई. इस साइकिल रैली में जाने-माने साइकिलिंग क्लब और पर्यावरण प्रेमियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया. इस पहल को पनवेल साइकिल ग्रुप के मेयर सुधीर चकोले, पूरन सिंह मेहरा और जेनेट लॉरेंस बर्नार्ड (रनथॉन साइकिलिंग क्लब) के सहयोग से लागू किया गया. इसमें करीब 100 पर्यावरण हितैषी साइकिल चालकों ने हिस्सा लिया। यूएनईपी (संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम) नेइस वर्ष "विश्व स्तर पर प्लास्टिक प्रदूषण को समाप्त करना"यह थीम घोषित की है. इसी पृष्ठभूमि में भारत सरकार के पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने 22 मई से 5 जून तक पूरे देश में जन जागरूकता के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं. इसी के तहत माझी वसुंधरा अभियान के तहत मनपा द्वारा आयोजित इस साइकिल रैली में प्लास्टिक प्रदूषण के नुकसान और प्लास्टिक प्रदूषण को कम करने के उपायों के बारे में संदेश दिया गया।

## शहीद मुरली नाईक के परिजनों को विधायक पराग शाह ने 11 लाख का चेक सौंपा

तरुणमित्र / रामकुमार मधुकर



**मुंबई**:भारत के सपूत शहीद मुरली श्रीराम नाइक ने देश की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दे दी। किसान परिवार में जन्मे मुरली नाइक देश के प्रति समर्पण की भावना से देश की सेवा करने के लिए सेना में शामिल हुए। पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के जवाब में भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर अभियान चलाया। आतंकवादियों का सामना करते हुए मुरली नाइक वीरगति को प्राप्त हुए। उनका परिवार घाटकोपर पूर्व के कामराज नगर में रहता है और घर के हालात काफी नाजुक हैं। परिवार का जवान बेटा देश के लिए शहीद हो गया, यह एहसास एक पिता के लिए दिल दहला देने वाला है, उसकी कमी हमेशा महसूस होगी। इस तथ्य को समझते हुए और एक छोटी सा ऋण राहत के रूप में घाटकोपर पूर्व विधानसभा के विधायक पराग शाह ने घाटकोपर के लोगों से मदद की अपील की थी। घाटकोपर के लोगों ने उचित प्रतिसाद देकर 11 लाख रुपये एकत्र किए। इस राशि का चेक आज विधायक पराग शाह द्वारा मुत्तु मरियम्मा मंदिर, कामराज नगर में शहीद मुरली नाइक के माता-पिता को सौंपा गया। इस अवसर पर विकास कामत, रवि पुज, कैप्टन स्वामीनाथन, धर्मेश गिरि, जय देसाई, विद्युत काजी, रचित त्रिवेदी, संजय दरेकर, रत्नम देवेन्द्र, तुषार कांबले, राणा सिंह, सहित अनेक देशभक्त उपस्थित थे।

# अनावश्यक विकास कार्यों पर लगाएं लगाम, स्वप्निल घोलप की आयुक्त से मांग

तरुणमित्र/ब्यूरो



**नवी मुंबई**। नवी मुंबई महानगरपालिका की सीमा में विभिन्न विकास कार्य किए जा रहे हैं. लेकिन करदाताओं के हित में न होने वाले अनावश्यक विकास कार्य न किये जायें एंव ऐसे कार्यों को तत्काल रोका जाए, ऐसी मांग युवा फाउंडेशन के अध्यक्ष स्वप्निल घोलप ने आयुक्त डॉ. कैलाश शिंदे को दिए निवेदन से किये हैं। नवी मुंबई मनपा आयुक्त को दिए निवेदन में घोलप ने कहा है कि पिछले सालभर में कुछ मुद्दे प्रकाश में आए हैं, जिनमें मुख्य रूप से ऐसे काम शामिल हैं जिनकी तत्काल आवश्यकता नहीं है, जो आम जनता के हित में नहीं हैं, जो कि करदाताओं के पैसे से किए जा रहे हैं, ऐसे काम पर आयुक्त डॉ. कैलाश शिंदे लगाम लगाएं. इसमें प्रमुख्य तौर पर अच्छी स्थिति वाले तथा लंबे समय तक चलने वाले सार्वजनिक फुटपाथों को न तोड़ा जाए और न ही उनका पुनर्निर्माण किया जाए, अच्छी स्थिति वाले यातायात चौराहों का सौंदर्यीकरण न किया जाए, अव्यवहारिक साइकिल ट्रैक का निर्माण न किया जाए, अच्छी स्थिति वाले आंतरिक सड़कों को न तोड़ा जाए और न ही उनका पुनर्निर्माण किया जाए, तथा जो परियोजनाएं जनहित में नहीं हैं, जिनमें से कुछ केवल कुछ अधिकारियों तथा पूर्व पार्षदों के स्वार्थ के लिए बनाई गई हैं, उन्हें रद्द किया जाए, ऐसी मांग किये हैं. शहर में कुछ काम भले ही छोटे हों, लेकिन उनकी वित्तीय लागत बहुत ज़्यादा है. ऐसे कामों के लिए करोड़ों रुपये के टेंडर निकाले जा रहे हैं. इससे सार्वजनिक धन के उचित इस्तेमाल, पारदर्शिता और परियोजना नियोजन पर सवाल उठ रहें हैं।

### राज्य के वन मंत्री गणेश नाइक से विशेष बैठक आयोजित करने की मांग

# वन विभाग की जमीन पर बने घरों के मुद्दे पर वनमंत्री से होगी चर्चा पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री कपिल पाटील का आश्वासन

तरुणमित्र / ब्यूरो



**शहापुर** : मोखावने-कसारा गांव की वन विभाग की जमीन पर वर्षों से रह रहे गरीब नागरिकों के घरों के मुद्दे को लेकर राज्य के वन मंत्री गणेश नाइक से विशेष बैठक आयोजित करने की मांग की गई है। इस बैठक से निश्चित रूप से ग्रामवासियों को राहत मिलेगी, ऐसा विश्वास पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री कपिल पाटील ने कसारा में व्यक्त किया। शनिवार को कपिल पाटील ने शहापुर तालुका के कसारा ग्रामपंचायत और माल परिसर का दौरा किया, जहां हाल ही में हुई बेमौसम बारिश से नुकसान हुआ है। इस दौरान उन्होंने सरपंच, ग्रामपंचायत सदस्य और नागरिकों से संवाद साधा। इस दौरे में पूर्व आमदार पांडुरंग बरोरा, भाजपा तालुकाध्यक्ष भास्कर जाधव, कसारा के सरपंच प्रकाश वीर, विनायक सावंत, राम माली, गणेश राउत समेत बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे। बैठक में कसारा गांव की विभिन्न समस्याओं जैसे पानी की कमी, स्वास्थ्य, नालों की सफाई और शिक्षा संबंधित मुद्दों पर चर्चा की गई। भारत रत्न डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर के स्मारक के लिए जगह देने के मुद्दे पर भी बातचीत हुई। कपिल पाटील ने आश्वासन दिया कि इस मुद्दे पर मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से अनुरोध किया जाएगा। साथ ही कसारा के लिए एक स्वतंत्र जल योजना शुरू करने के लिए वे प्रयासरत रहेंगे।विहीगांव में मल्लखांब अभ्यास केंद्र की मांग विहीगांव गांव के 6 युवा खिलाड़ियों का चयन राजस्थान में होने वाली राष्ट्रीय मल्लखांब प्रतियोगिता के लिए महाराष्ट्र की टीम में हुआ है। इन खिलाड़ियों ने गांव में मल्लखांब अभ्यास केंद्र की मांग की, जिस पर कपिल पाटील ने जिल्हा क्रीडा अधिकारी से संपर्क कर निधि उपलब्ध कराने का आग्रह किया और जल्द ही इस पर सकारात्मक निर्णय होने का आश्वासन दिया। माल गांव में नुकसान का जायजा बेमौसम बारिश से माल गांव के बौद्ध विहार और कई घरों को भारी नुकसान हुआ है। कपिल पाटील ने खुद दौरा कर नुकसान का जायजा लिया और ग्रामवासियों को सहायता देने का आश्वासन दिया। पहले भी इस गांव को "कपिल पाटील फाउंडेशन" के माध्यम से सहायता दी गई थी। इसके अलावा माल क्षेत्र के गांवों को लगातार बिजली आपूर्ति में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इस पर कपिल पाटील ने संबंधित अधिकारियों से संपर्क कर केंद्र सरकार की योजना के तहत बिजली के खंभों और तारों की मरम्मत का कार्य करवाने का आग्रह किया। इस दौरे में कसारा खुर्द ग्रामपंचायत क्षेत्र के चिंतामणवाडी, ओहलाचीवाडी, लतीफवाडी, नारलवाडी, पारधवाडी और दांड के सरपंच, उपसरपंच और ग्रामवासियों ने भी अपनी विभिन्न मांगों का निवेदन सौंपा।

# बिल्डर के कर्मियों समेत महिला पुलिसकर्मी की पिटाई, 4 लोगों पर मामला दर्ज

तरुणमित्र/ब्यूरो

**पनवेल**। पनवेल के वारदोली में वाधवा वाईज सिटी नाम से बिल्डर द्वारा भवन का निर्माण कार्य जारी है.इस निर्माण कार्य में बाधा लाने के लिए कुछ लोगो ने षड्यंत्र कर स्थानिको को जमा कर निर्माण कार्य बंद कराने के लिए तोड़फोड़ एंव मारपीट किये जाने का मामला सामने आया है.इतना ही नही जब पुलिस बीच बचाव के लिए आई तो पुलिस के गाड़ी को तोड़ने का प्रयास किया गया. इतना ही नही एक पुलिसकर्मी महिला पर हमला किया गया. जिसके बाद पनवेल ग्रामीण पुलिस ने 4 लोगो पर मामला दर्ज कर तलाश सुरु की है। पुलिस के मुताबिक शनिवार को वारदोली के रहनेवाले कुछ लोगो ने स्थानिको को भड़काकर वाधवा वाईज सिटी के साईट पर जमा हुवे थे.जिसके बाद संबमधितो ने उक्त स्थान पर तोड़फोड़ करने समेत कर्मियों की पिटाई किये.जिसके कारण जब पुलिस पहुंची तो इनमे से आरोपी जतिन पाटिल ने पुलिस की गाड़ी के आगे आकर गाड़ी रोक पुलिस के गाड़ी को नुकसान पहुंचाने का प्रयास किया.जिसके कारण जब एक महिला पुलिसकर्मी ने समझाने का प्रयास की तो आरोपी नीता पाटिल ने महिला पुलिसकर्मी की ही पिटाई की.जिसमे महिला पुलिसकर्मी का गले का सोने का मंगलसूत्र कहीं गिर गया.जिसके बाद सब फरार हो गए.जिसके बाद पुलिस ने महिला समेत 2 पुरुषों पर मामला दर्ज की है।

स्वामी-स्व. कैलाशनाथ प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक स्वतंत्र कुमार द्वारा नवभारत प्रेस लिमिटेड, नवभारत भवन प्लाट नंबर-13 सेक्टर 8 सानपाडा (पूर्व) नवी मुंबई : 470709 से मुद्रित एवं पत्रकार सदन लोकमान्य नगर नं. 4 ठाणे- 400606 महाराष्ट्र से प्रकाशित। RNI No. MAHHIN/2008/27046 संपादक- स्वतंत्र कुमार सिटी कार्यालय- गाला नं. 61 दादोजी कोंडदेव स्टेडियम खारटन रोड, ठाणे(वेस्ट) महाराष्ट्र, मोबा: 09415287970, 7400223777, 9892789606, कार्यकारी संपादक - शेष नारायण त्रिपाठी ईमेल tarun.thana@gmail.com, www.tarunmitra.in * इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं उत्पन्न समस्त विवाद ठाणे न्यायालय के अधीन होंगे।